संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ........
22 जनवरी 2025, बुधवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 114
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

## छत्तीसगढ़ रे सुरक्षा बलको ञाम केदा सो़फे़लता, नक्सलवाद दो़ आर मित्‌धाव माराङ झाटकाः अमित शाह

**नावां दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो़ बालेमाहां हिलोक् छत्तीसगढ़ रेयाक् गरियाबंद जिला रे तापाम रे 14 गो़टेच् नक्सली गो़च्‌केत्‌कोतायो़म सुरक्षा बलकोवाक् का़मीये सारहावकेत् ताकोआ। उनी दो़य मेनकेदा जे नक्सलवाद दो़ आर मित्‌धाव करारा झाटका। आबो रेन सुरक्षा बल दो़ नक्सल मुक्त भारत बेनाव ला़गित् ते मित्‌टेन माराङ सो़फे़लताकोञाम आकादा।

# महाकुंभ : मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़, रेलवे ने किया 19 ट्रेन निरस्त



**एजेंसी**

**प्रयागराज ।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ को देखकर रेलवे ने लंबी दूरी की 19 ट्रेनों को निरस्त किया है। ये ट्रेन मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी स्नान पर्व तक चलनी थीं। रेलवे ने भीड़ के मद्देनजर यह कदम उठाया है, ताकि रेलवे स्टेशन पर ट्रैक खाली मिले और ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का संचालन हो सके।

रेलवे ने मौनी अमावस्या पर लंबी दूरी की 18 और वसंत पंचमी पर 11 नियमित ट्रेनें निरस्त किया हैं। इसके अलावा 28 ट्रेन प्रयागराज जंक्शन की जगह प्रयागराज छिवकी होकर चलेगी। इन सभी का शेड्यूल उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। एनसीआर के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि परिचालन कारणों से इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

## पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी,

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, गृहमंत्री भी लगाएंगे संगम में पवित्र डुबकी



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को महाकुंभ मेले में श्रद्धालु जुटे, जबकि क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। खराब मौसम की स्थिति का तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा। आने वाले दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या बढने की उम्मीद है, जिसमें चार प्रमुख शाही स्नान होंगे।

## प्रयागराज महाकुंभ में तंत्र-मंत्र करते नजर आए आईआईटीयन बाबा



**प्रयागराज ।** प्रयागराज महाकुंभ में काफी सुर्खियां बटोर चुके आईआईटी वाले बाबा का कोई एक ठिकाना नहीं है। जूना अखाड़े से निकालने के बाद वह हर बार एक नई जगह पाए जाते हैं, इस बार आईआईटी वाले बाबा उर्फ अभय सिंह संगम के करीब देर रात तंत्र मंत्र करते नजर आए। आईआईटीयन बाबा ने कहा कि मुझे अगर एनर्जी बनानी होती है, तब एक अगरबत्ती रहेगी साइड में, फिर एनर्जी के हिसाब से दीपक रखे जाएंगे। मैं प्रिजेंट मोमेंट के हिसाब से एग्जिक्यूट करता हूं। जो जीते हो वहां वर्तमान ही है, वर्तमान ही तब भूत बनता है बाद में। भविष्य के बारे में चिंता करना सही नहीं है लेकिन भविष्य के बारे में सोच सकते हो, प्लान कर सकते हो। चिंता जो शब्द है वह अलग है, चिंता का मतलब है कि टेंशन हो गय। हर प्रेजेंट मोमेंट को 100 प्रतिशत जीना है, और उसके हिसाब से ही आगे-आगे चीजें होती जाएगी। पुनर्जन्म पर कहा कि यह समझने के लिए आपको जन्म और मृत्य को समझना होगा। किसी चीज को पकड़ कर रखना। कोई मोमेंट जो अच्छा चल रहा है और मैं सोचूं यह ऐसा ही चलता जाए।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 20 नक्सली ढेर

## एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया



**एजेंसी**

**रायपुर ।** गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आधिकारिक तौर पर अब तक 16 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मिली। अभी भी मुठभेड़ जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इससे पूर्व बीजापुर में सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। रविवार सुबह से मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में कुल एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। यह मामला मैनपुर थाने इलाके का बताया जा रहा है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर लाया जा रहा है। इससे पहले रविवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर किए गए थे वहीं एक जवान भी घायल हुआ था।

गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है। गरियाबंद में सुरक्षा बल नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया है। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर बताया जा रहा है। अब तक 14 से अधिक महिला / पुरुष नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में माओवादियों के सीनियर कैडर शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त की जा रही है। एनकाउंटर में एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30,कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, हृशद नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में रवाना हुई थी। सुरक्षाबलों का दावा है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के कई इनामी लीडर्स मारे गए हैं। छत्तीसगढ़ और ओडिशा फोर्स की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था, इसमें कुल 10 टीम में शामिल थीं। तीन टीम ओडिशा से दो छत्तीसगढ़ पुलिस से और सीआरपीएफ की पांच टीम इस मुठभेड़ में शामिल रहीं। मुठभेड़ की सूचना पर फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी मैनपुर पहुंच गए हैं। पूरे एरिया में फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा तीन आईडी भी बरामद की गई है।

# झारखंड में 500 और मिडिल स्कूलों में शुरू होगी कंप्यूटर की पढ़ाई

## राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू

**➔दुमका एयरपोर्ट से नियमित उड़ान सेवा शुरु होगी**

**➔वकीलों को सात हजार रुपये मिलेंगे पेशन**

**कैबिनेट का फैसला**

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए असीमित स्वास्थ्य बीमा की योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत राज्यकर्मियों और पेंशनरों के आश्रितों को सामान्य बीमारियों में हर साल पांच लाख और गंभीर बीमारियों में 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 18 बड़े प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। झारखंड के 500 और मिडिल स्कूलों में कंप्यूटर की पढ़ाई शुरू होगी। इन स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित किये जाएंगे, स्मार्ट क्लास बनाए जाएंगे और छह से दस कंप्यूटर लगाए जाएंगे। ज्ञानोदय योजना के तहत अगले पांच सालों में इसे इंस्टॉल कर दिया जाएगा और पठन-पाठन शुरू किया जाएगा।झारखंड में वर्तमान में समग्र शिक्षा के तहत 1254 स्कूलों में और ज्ञानोदय के तहत 346 स्कूलों में कंप्यूटर की पढ़ाई चल रही है। अब ज्ञानोदय के तहत पांच साल में 500 और स्कूलों में कंप्यूटर लैब तैयार कर पढ़ाई होगी।वहीं, झारखंड पारा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति व अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई।सामान्य बीमारी में भी अगर राशि की अधिसीमा पांच लाख से अधिक होती है तो उसका वहन राज्य सरकार करेगी। ट्रस्ट मोड में उपचार के कुल खर्च में पांच लाख तक का वहन बीमा कंपनी करेगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार वहन करेगी। किडनी ट्रांस्प्लांट के मामले में किडनी डोनर का भी खर्च राज्य सरकार उठाएगी।झारखंड के दुमका एयरपोर्ट से नियमित विमान सेवा शुरू होगी। झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 12.10 करोड़ झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप में कराने की स्वीकृति दी गई है। इसमें स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए 6,000 रुपये वार्षिक प्रिमियम, 65 साल से अधिक उम्र के अधिवक्ता लाइसेंस प्रत्यर्पित करने वाले इच्छुक अधिवक्तागण को पेंशन के रूप में प्रतिमाह 7,000 रुपये, नए अधिवक्तागणों को पहले तीन साल की अवधि के दौरान वृत्तिका भत्ता के रूप में 5000 रुपये प्रतिमाह दी जाएगी।

## ओडिशा वारियर्स ने जेएसडब्ल्यू सोरमा हॉकी क्लब के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की



**संवाददाता**

**रांची ।** ओडिशा वारियर्स ने आज रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में जेएसडब्ल्यू सोरमा हॉकी क्लब के खिलाफ 0 - 0 (2 -0 SO) पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की। चार क्वार्टर में मिडफील्ड में जोरदार संघर्ष और नियमित समय में दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं होने के बाद, मैच पेनल्टी शूटआउट में आगे बढ़ा। सोनिका और कैटलिन नोब्स ने पेनल्टी शूटआउट में गोल किए जबकि जोसलिन बार्ट्राम ने बोनस अंक हासिल करने के लिए चार गोल बचाए। ओडिशा वारियर्स ने खेल शुरू होने पर अधिक कब्ज़ा बनाए रखा, लेकिन जेएसडब्ल्यू सोरमा हॉकी क्लब ने डिफेंस में दमदार प्रदर्शन किया और विपक्षी हाफ में अपनी बढ़त बनाई।

## आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म



**संवाददाता**

**रांची ।** राज्य सरकार ने आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म कर दिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने उन्हें निलंबन से मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर पूजा सिंघल का निलंबन कार्मिक ने खत्म कर दिया। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उन्हें कार्मिक में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### छवि रंजन समेत छह की हिरासत अवधि चार फरवरी तक बढ़ाई

**रांची ।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की है।

## निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी को राहत दी है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंगलवार को देवघर हवाई अड्डे पर मार्च 2023 में उड़ान भरने के लिए दबाव बनाने के मामले में निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

इस मामले में कोर्ट ने 18 दिसंबर 2024 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार से पूछा था कि इस मामले की जांच राज्य सीआईडी क्यों कर रही है, जबकि आरोपों की जांच करने का अधिकार क्षेत्र नागरिक विमानन महानिदेशालय को है।

जस्टिस एएस ओका ने पूछा था कि सीआईडी एयरक्राफ्ट एक्ट के तहत जांच कैसे कर सकती है। सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार ने कहा था कि इस मामले में जांच जारी रखने के लिए संबंधित प्राधिकार से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

झारखंड सरकार की इस दलील का निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी की ओर से पेश वकील ने कहा था कि इस मामले में जांच जारी रखने के लिए संबंधित प्राधिकार से अनुमति लेनी जरूरी है और इसी आधार पर हाई कोर्ट ने फैसला दिया था। झारखंड सरकार ने देवघर हवाई अड्डे पर मार्च 2023 में उड़ान भरने के लिए दबाव बनाने के मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

## हाईकोर्ट में ममता सरकार की याचिक, कोलकाता रेप-मर्डर के दोषी को फांसी हो



**एजेंसी**

**कोलकाता ।** कोलकाता रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई। इस फैसले के खिलाफ ममता सरकार मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंच गई। बंगाल सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका लगाई। इसमें कहा- दोषी संजय रॉय की उम्रकैद की सजा सही नहीं है। उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देबांग्शु बसक ने याचिका स्वीकार कर ली है। हालांकि, इसकी सुनवाई कब शुरू होगी, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

## अब बिना रिचार्ज के भी 90 दिनों तक सिम कार्ड चलता रहेगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सिम कार्ड की वैधता को लेकर नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत अब बिना रिचार्ज के भी 90 दिनों तक सिम कार्ड चलता रहेगा। दरअसल, ये नए नियम ग्राहकों को बार-बार रिचार्ज करने से बचने और खर्च घटाने में मदद करेंगे। ट्राई की कंज्यूमर हैंडबुक के अनुसार रिचार्ज खत्म होने के बाद आपका सिम 90 दिनों तक एक्टिव रहता है। अब इसका मतलब यह है कि रिचार्ज खत्म होने के बाद भी आपका नंबर तीन महीने तक चालू रहेगा। ट्राई के अनुसार आपके नंबर पर अगर 90 दिनों तक कोई रिचार्ज नहीं है और उसमें 20 रुपये प्रीपेड बैलेंस बचा है तो कंपनी 20 रुपये काटकर 30 दिनों की अतिरिक्त वैलिडिटी देती है। इस तरह ग्राहक का नंबर बिना रिचार्ज के 120 दिनों के लिए और ज्यादा एक्टिव रह सकता है। वहीं बीएसएनएल का सिम कार्ड बिना रिचार्ज के 180 दिन रहेगा। इसके अलावा ट्राई के नए नियमों के अनुसार जियो, एयरटेल, वोडाफोन, आइडिया के यूजर्स को भी यह बड़ी राहत मिलने वाली है।

## देवघर : होटल निर्माण के नाम पर 20 लाख की धोखाधड़ी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र में 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यह मामला ब्रह्मसमाज रोड, बैद्यनाथ धाम स्टेशन के पास रहने वाले राजकिशोर प्रसाद उर्फ पप्पू यादव द्वारा दर्ज कराया गया है। शिकायत के अनुसार, वह निर्माणाधीन ताज आकाश होटल के प्रोपराइटर हैं और होटल निर्माण के लिए उन्हें एसबीआई की देवघर शाखा से ऋण स्वीकृत हुआ था। ऋण स्वीकृत होने के बाद, होटल के इंटीरियर का कार्य मिलन साह एंड एसोसिएट्स (क्8 लेक रोड, कोलकाता) को सौंपा गया। राजकिशोर प्रसाद की सहमति पर बैंक ने ठेकेदार के आईडीबीआई खाते में 20 लाख रुपये अग्रिम राशि के रूप में ट्रांसफर किए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राशि मिलने के बाद ठेकेदार ने केवल 10 दिनों तक काम किया और उसके बाद काम छोड़ दिया। इसके साथ ही, ठेकेदार ने 20 लाख रुपये की राशि का गबन भी कर लिया। पीड़ित ने कहा कि इस धोखाधड़ी के कारण उन्हें करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब ठेकेदार और संबंधित पक्षों से पूछताछ कर रही है। इस घटना ने स्थानीय क्षेत्र में हलचल मचा दी है, और पीड़ित ने न्याय की मांग की है।

# झारखंड में उच्च व तकनीकी शिक्षा का अलख जगा रहा है साईनाथ विश्वविद्यालय

## बड़ी कंपनियां भी यहां के छात्रों का कर रही प्लेसमेंट

**कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल से अशोक कुमार की खास बातचीत**

**रांची।** शहर के कोलाहल व प्रदूषण से दूर रांची ओरमांझी मार्ग पर चंदवे के पास से ही विश्वविद्यालय का भव्य भवन दिखाई पड़ने लगता है। विश्वविद्यालय कैंपस में प्रवेश करते ही सौम्य, शांत एवं शैक्षणिक वातावरण का आभाष होता है। कैंपस में विभिन्न फैकल्टी के छात्र छात्राएं , शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विवि कर्मियों का जमघट अनुशासित रूप में दिखाई पड़ता है। कैंपस में साईंनाथ की एक प्रतिमा भी कुछ ऊंचाई पर दिखाई पड़ती है। कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल विश्वविद्यालय की विशेताओं से अवगत कराते हैं। उनसे हुई बातचीत का अंश इस प्रकार है:

**सवाल : आप मूलतः यूपी के रहनेवाले हैं। यूपी से झारखंड आकर यहां शिक्षण संस्थान खोलने की प्रेरणा कहां से मिली?**



**जबाव:** मैं आगरा में एक शिक्षण संस्थान चला रहा था उसी दौरान मुझे साईंनाथ की कृपा से झारखंड आने की प्रेरणा मिली। मुझे पता था कि यहां के विद्यार्थी उच्च व तकनीकी शिक्षा के लिए दूसरे राज्य जा रहे हैं। यहां की प्रतिभाओं का पलायन हो रहा है। यहां के बच्चे का पलायन रोकना भी इस विवि का उद्देश्य है।

---------------------

**सवाल : आपके यहां किस किस विषयों की पढ़ाई होती है अथवा डिग्रियां दी जाती हैं?**

**जबाव :** हमारे यहां बीए बीएड चार वर्षीय, बीएड एमएड त्रिवर्षीय , बीए एलएलबी चार वर्षीय,एकीकृत पाठ्यक्रम, नसिंग एनएनएम द्विवर्षीय, जीएनएम तीन वर्षीय, बीएससी नर्सिंग चार वर्षीय, बैचलर ऑफ फार्मेसी चार वर्षीय, डिप्लामा इन फार्मेसी द्विवर्षीय , डिप्लोमा इन माइनिंग इंजीनियरिंग और शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा पाठयक्रम संचालित है। बीएड सह एमएड का त्रिवर्षीय कोर्स शुरू करनेवाला यह बिहार व झारखंड का पहला संस्थान है।

---------------------

**सवाल : आपके यहां पढ़नेवाले छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट रेशियो क्या है?**

**जबाव:** हमारे विवि में विधिवत एक प्लेसमेंट सेल है। प्लेसमेंट सेल का संपर्क देश की सभी बड़ी बड़ी कंपनियों से भी है। त्रिवर्षीय डिप्लोमा में शत प्रतिशत प्लेसमेंट है। फार्मेसी आदि में दौ सौ प्रतिशत है। टाटा मोटर्स, सुप्रौस,हीरो मोटर्स,टायर कंपनी सीएट,मारूति कंपनी, एस्सार , सत्यम स्टील, पुष्पांजलि कंसटक्षन ,एक्साइड,रिलायंस, जीलेट आदि कंपनियों में हमारे छात्रों का चयन हुआ है।

---------------------

**सवाल : आपके संस्थान का विभिन्न विषयों का फीस स्ट्रक्चर क्या है?**

**जवाब :** बीएड एमएड संयुक्त कोर्स का 2 लाख 60 हजार है।

---------------------

**सवाल : आपके विवि की महत्वपूर्ण उपलब्धियां क्या है?**

**जवाब :** हमारे छात्र मो शबीर अमेरिका में कैंसर में रिसर्च कर रहे हैं। यहां के पासआउट चार पांच छात्रों का जजेज में चयन हुआ है। हमारे संस्थान के छात्र छात्राएं रि स, रिनपास व सीआईपी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह पहला निजी विवि है जिसमें एनसीसी की इकाई है। यहां के एनसीसी की छात्रा को गणतंत्र दिवस के राजपथ परेड में बेस्ट कैडेट का मेडल मिल चुका है। विवि कैंपस में ही छात्र छात्राओं के लिए होस्टल ,बस, स्कॉलरशिप आदि की सुविधा है।

---------------------

**सवाल: भविष्य की क्या योजना है?**

**जबाव:** मेडिकल क्षेत्र में कदम रखना है। अस्पताल , मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेद व होमियोपैथी कॉलेज की स्थापना करना है।

## केंद्र के 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही राज्य सरकार : अमित मंडल



संवाददाता

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार वर्ष 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से खर्च हुए 1300 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दे पा रही है। मंडल भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में अमित मंडल ने कहा कि 15वें आयोग की सिफारिश राज्य सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र में 2370 करोड़, ग्रामीण स्थानीय निकायों (पंचायत) को 6585 करोड़, नगर निकायों को 3367 करोड़ और आपदा प्रबंधन विभाग को 3138 करोड़ रुपये की राशि 2026 तक मिलेगी। मंडल ने कहा कि 15वें वित्त (2021-2026) आयोग का कार्यकाल समाप्त होने वाला है और 16वें वित्त आयोग के गठन से पहले केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करें। उन्होंने कहा कि विभागों के जरिये डाटा न देने के कारण पोर्टल अपडेट नहीं हो पा रहा है। मंडल ने कहा कि कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित है। स्वास्थ्य विभाग का अकेले 700 करोड़ का हिसाब बाकी है। इसमें कोरोना महामारी के दौरान जिलों को भेजी गई राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े कुछ प्रमुख निकाय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपना काम करे।

## रांची के धुर्वा डैम से युवती का शव मिला

**रांची ।** नगड़ी थाना पुलिस को धुर्वा डैम से मंगलवार को एक युवती का शव मिला। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाल लिया है। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि शव की शिनाख्त हटिया निवासी नरेश कच्छप की पुत्री एनी अनुष्का कच्छप के रूप में की गई है। युवती के परिजनों के अनुसार, पढ़ने के लिए कहने पर नाराज होकर वह घर से 16 जनवरी को निकली थी। इस संबंध में युवती के परिजनों ने जगन्नाथपुर थाने में उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती के शरीर पर किसी प्रकार के जख्म के निशान नहीं है। आशंका है कि युवती ने डैम में कुदकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा।

## एसबीयू के छात्र को 12 लाख का पैकेज, एक्सेंचर में 28 को मिली जॉब



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (2018-22) के छात्र फरहान अहमद को बहुराष्ट्रीय कंपनी बर्कलेज ने इस वर्ष 12 लाख का पैकेज ऑफर किया है। वैश्विक स्तर पर वित्तीय सेवा प्रदान करने वाली कंपनी बर्कलेज 50 से अधिक देशों में कार्यरत है। फरहान फिलहाल कंपनी के पुणे स्थित ऑफिस में कार्यरत हैं। इसके अलावा परामर्श/आईटी सेवा सेवा प्रदान करने वाली कंपनी एक्सेंचर में भी इस वर्ष एसबीयू के 28 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। विवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि देश-विदेश की कई कंपनियों की प्लेसमेंट प्रक्रिया में एसबीयू के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं और इसके आशाजनक नतीजे प्राप्त हो रहे हैं। इससे विवि के छात्रों के अलावा उनके अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। इस अवसर पर विवि के प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## पोक्सो एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार कर यूपी पुलिस ले गई रिमांड पर

दुमका । जिले के जामा थाना पुलिस की सहयोग से यूपी पुलिस मंगलवार को पोक्सों एक्ट के एक आरोपित को गिरफ्तार कर रिमांड पर अपने साथ ले गई। पुलिस ने आरोपित को जामा थाना क्षेत्र के भैरवपुर गांव से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित शिबू कुमार मंडल उर्फ शिवम उर्फ शिवनाथ मंडल है। जानकारी के अनुसार आरोपित शिबू कुमार मंडल को यूपी की पुलिस गिरफ्तार कर गुजरात के अहमदाबाद लेकर गयी। मामले में उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले के शक्तिनगर थाना क्षेत्र के चिल्काटांड गांव के शोएब अंसारी ने दो सितंबर 2024 को अपने नाबालिग बहन को भगाने की शिकायत शक्तिनगर थाना में दर्ज कराया था।शोएब ने 30 अगस्त 2024 को 17 वर्षीय बहन को भगाये जाने की सूचना थाना को दिया। इस पर कार्रवाई करते हुए यूपी पुलिस ने जामा थाना क्षेत्र के भैरवपुर गांव से आरोपित को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। गिरफ्तार आरोपित को यूपी पुलिस गुजरात के अहमदाबाद ले गयी। इससे पता चलता है कि अहमदाबाद के भी किसी मामले में आरोपित की संलिप्तता है।

## मधुबन झड़प मामले में हथियार के साथ शेख मोबिन गिरफ्तार



**धनबाद ।** मधुबन घटना मामले में पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। नामजद आरोपित शेख मोबिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेख मोबिन हथियार के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया है। उसके पास से एक देसी पिस्टल और चार गोली बरामद हुआ है। ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेस में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शेख मोबिन शेख डब्लू गुट का सदस्य है। एसपी ने बताया कि अभी तक मधुबन घटना मामले में 19 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 70 से 80 नामजद आरोपित एवं अप्राथमिक आरोपितों की पुलिस को अभी भी तलाश है और लगातार छापेमारी जारी है। मधुबन कांड में अबतक कुल 12 एफआइआर दर्ज हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि मधुबन की घटना नौ जनवरी की है। मधुबन थाना क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर बमबाजी-गोलीबारी, आगजनी एवं बाघमारा एसडीपीओ पर पथराव किया गया था।

## आजसू पार्टी की केंद्रीय सभा धनबाद में 27 को

**रांची ।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी की केंद्रीय सभा 27 जनवरी को धनबाद में आयोजित होगी। आजसू प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने मंगलवार को कहा कि 27 जनवरी को धनबाद जिले के पुटकी थाना क्षेत्र में स्थित भाटिंदा वॉटर फॉल के पास केंद्रीय सभा आयोजित की गई है। इसकी अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो करेंगे। बैठक में पार्टी की सालाना योजनाओं, भविष्य की रणनीति, कार्यक्रम और वर्तमान राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में केंद्रीय समिति, सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड समिति, जिले के सभी पदाधिकारी, प्रखंड सह नगर अध्यक्ष और सचिव, अनुसंगी इकाई के पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उप प्रमुख एवं विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

## हेमंत सरकार भूमि बैंक को रद्द करेः भुवनेश्वर मेहता

### 24 मार्च को 50 हजार झारखंड के विस्थापित परिवार झारखंड विधानसभा का घेराव




संवाददाता

**रांची ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त तत्वावधान में विस्थापन ,पलायन और किसानों के ऊपर बढ़ते संकट के सवाल को लेकर करम टोली स्थित प्रेस क्लब में बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक में 24 मार्च को 50 हजार झारखंड के विस्थापित आदिवासी, दलित ,मूलवासी, किसान परिवार के लोग भाग लेंगे. इस कार्यक्रम को व्यापक व सफल बनाने के लिए 16 फरवरी को पुनः एक बैठक का आयोजन किया जाएगा एवं प्रमंडल स्तर पर जाता यात्रा निकालकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा.

उक्त जानकारी बैठक के पश्चात भाकपा के राज्य सचिव एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने मीडिया से बात करते हुए उक्त बातें कहीं. उन्होंने लैंड बैंक रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि आज करोड़ों की संख्या में हमारे लोग विस्थापित एवं पलायन कर चुके हैं जिसकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है और पुनः सेल, डीवीसी एनटीपीसी इ सी एल, बीसीसीएल सीसीएल कॉपर ,थर्मल पावर स्टेशन, कॉल ब्लॉकस, प्राइवेट कल कारखानों वगैरह से रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी नहीं जा रही है.जल जंगल जमीन का अधिकार छीना जा रहा है . पूरे राज्य को प्रदूषित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सेल एच इ सी , डीबीसी आदि टाटा कंपनी आदि में जरूर से अधिक जमीन का अधिकरण किया गया है उदाहरण स्वरूप सेल बोकारो में 34000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण हुआ जिसमें मात्र 2000 एकड़ जमीन का उपयोग फैक्ट्री आवास एवं अन्य कामों में किया गया है बाकी यूं ही रैयतों का जमीन पड़ा हुआ है. हैक में 10000 एकड़ जमीन का अधिकरण हुआ जिसमें मात्र 6000 एकड़ जमीन का उपयोग हुआ इसमें हाई कोर्ट और विधानसभा भवन का निर्माण भी शामिल है. उन्होंने कहा कि रघुवर दास के मुख्यमंत्रीत्व काल में 23 लाख हेक्टेयर जमीन को भूमि बैंक में डाल दिया गया जिसमें 75त्न गैर मंजूर हुआ जमीन झारखंड के दलित आदिवासी पिछड़ा गरीब किसानों के कब्जे में है जिसको पूर्व जमींदार भोड़न यज्ञ से बंदोबस्त है और इस पर किसानों का कब्जा है पूरे झारखंड में लाखों घर बना हुआ है एवं खेत खलियान हैं. राज्य सरकार इस भूमि बैंक को रद्द करें और किसानों को जमीन वापस करते हुए रेटों को रसीद काट कर दे. बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो ने की.

मौके पर अजय सिंह, नेमन यादव ,महेश बारो सहदेव गोप विकास उर्फ विनय , श्रीकांत निराला बटेश्वर मेहता सुनीता सिंह,अर्जुन कुमार ,गया नाथ पांडेय, खटियाणी परिवार के महासचिव मोहम्मद हकीम हुल क्रांति दल के महासचिव भारदुल भुइया सी पी एम की ओर से आदिवासी नेता प्रफूल्ल् लिंडा सहित अन्य प्रमुख थे. ।

## अवैध खनन पर एसडीओ ने की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त



**पलामू ।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची स्थित औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव करते चार ट्रैक्टर जब्त किये गये है। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने गुप्त सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल फोर्स ले जाकर सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा। सतबरवा थाना में सारे ट्रैक्टरों को लगाया गया है। इस संबंध में खनन विभाग को कार्रवाई के लिए जानकारी दी गयी है। जब्त टैक्टरों में दो ट्रैक्टर डालटनगंज विधायक के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा का है, जबकि एक ट्रैक्टर कांग्रेस कार्यकर्ता दीपक चन्द्रवंशी एवं एक वीरेन्द्र कुशवाहा का बताया गया है। कार्रवाई के क्रम में विधायक प्रतिनिधि के जरिये एसडीओ की बात विधायक से कराने का प्रयास करने पर अनुमंडल पदाधिकारी काफी नाराज हुई। सदर एसडीओ ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पोची स्थित औरंगा नदी से हर दिन बड़े पैमाने पर बालू का उठाव करके तस्करी की जाती है। इसी सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल टीम ले जाकर मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अचानक छापेमारी की गयी। एसडीओ जब पोची पहुंची तो उन्हें औरंगा नदी से चार ट्रैक्टर बालू लेकर आते दिखे। एसडीओ ने सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा और थाने में लगा दिया। एसडीओ की इस कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप मच गया है। इसके साथ ही विधायक प्रतिनिधि और कांग्रेस नेता की काली कमाई का भी खुलासा हुआ है।

## एनडीआरएफ के जवानों को सीसीएल में मिला खान बचाव प्रशिक्षण



**रामगढ़ ।** सीसीएल के खान बचाव केंद्र, रामगढ़ में 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह एनडीआरएफ (ह्लछ्व्रस्न) की 9वीं बटालियन, बीहटा पटना के जवानों को प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम 6 जनवरी 2025 को शुरू हुआ और 21 जनवरी 2025 को संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह पूरे देश में पहली बार है जब गैर-खनन कर्मियों को खान बचाव प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनडीआरएफ जवानों को भूमिगत खदानों में आपदाओं के दौरान बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विषाक्त वातावरण में कार्य करना, आधुनिक बचाव उपकरणों का उपयोग करना और खदानों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकों में निपुणता दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खान सुरक्षा निदेशक (रांची रीजन) श्री आफताब अहमद ने इस प्रशिक्षण को ÷समय की आवश्यकता÷ बताते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान अब खनन आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने सीसीएल और एनडीआरएफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना की।

## मंत्री ने फर्जी डीड पर लगाम लगाने के लिए सॉफ्टवेयर में सुधार के दिए निर्देश



**रांची ।** राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को भू-राजस्व विभाग को फर्जी डीड पर लगाम लगाने के लिए एनआईसी के सॉफ्टवेयर में सुधार करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने फर्जी डीड से किए जाने वाले भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति डीड अप्लाई करता है, तो संबंधित व्यक्ति को डीड का यूनिक नंबर मिलता है लेकिन उसमें छोटी-मोटी खामियां निकालकर उसके डीड को कैंसिल कर दिया जाता है। इसके कुछ ही दिन बाद दोबारा संबंधित व्यक्ति के उसी डीड नंबर को उसके आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा डीड अप्लाई करवाया जाता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी चक्कर में लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए विभाग एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाए, जिससे फर्जी डीड बनाकर गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लगेगी। मंत्री ने एनआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि एनआईसी उम्दा सॉफ्टवेयर बनाए। दोबारा डीड अप्लाई करने पर तत्काल उस पर रोक लगाने की दिशा में काम करें। इससे विभिन्न अंचलों में लंबित म्यूटेशन के मामले घटेंगे। मंत्री ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों-मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे कार्यों के लिए बार-बार अंचल और यहां-वहां जाना पड़ता है। इसका बिचौलिए गलत लाभ उठाते हैं। किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी और कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने का धंधा चला रहे हैं। ऐसे पदाधिकारियों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## 21 आईईडी और 55 पीस जिलेटिन बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में पुलिस और सुरक्षाबलों ने मंगलवार को नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान 21 आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पोड़ाहाट क्षेत्र में सूचना के आधार पर अभियान संचालित किया जा रहा था। इस दौरान कराईकेला थाना क्षेत्र के सेरेंगदा गांव के कुचा टोला के जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों के जरिये लगाए गए 21 आईईडी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि बम निरोधक दस्ता की सहायता से आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया। साथ ही एक पुराने नक्सली डम्प को सुरक्षा बलों के जरिये ध्वस्त किया गया। नक्सली डम्प से दो किलो के 12 आईईडी, एक किलो के नौ आईईडी और 55 पीस जिलेटिन की स्टीक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है।

## सदर अंचल के पूर्व सीओ पर एसीबी दर्ज करेगी आय से अधिक संपत्ति का केस

**रांची ।** रांची सदर अंचल के पूर्व सीओ मुंशी राम की ट्रैप केस में गिरफ्तारी पूर्व के बाद उन पर दूसरा मामला दर्ज होगा। घूसखोरी में पकड़े जाने के बाद मुंशी राम के घर से छापेमारी के क्रम में 11.42 लाख रुपये नकदी मिले थे। कैश बरामदगी के मामले में एसीबी अलग से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जांच करेगी। एसीबी मुख्यालय ने इस मामले में पीई दर्ज करने के लिए राज्य सरकार के मंत्रिमंडल, सचिवालय व निगरानी विभाग को पत्र भेज दिया है। सरकार के आदेश के बाद मुंशी राम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस अलग से दर्ज किया जाएगा। रंगेहाथ 37 हजार घूस लेने के बाद एसीबी ने 2 जनवरी को तत्कालीन सीओ को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें एजेंसी ने जेल भेजा था।शिकायतकर्ता ने एसीबी रांची में लिखित आवेदन देकर सूचित किया था ।

## रांची में पवन तिग्गा सहित सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता




**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में लोहरदगा से आए सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव, इलीशिबा मिंज, तारा भगत, सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का और बिमोला मिंज सहित लोकहित अधिकार पार्टी के लोहरदगा जिला के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है, जिसके 12.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी की सेवा कर रही है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार में रोज नए-नए भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो, जिसमें स्कूल के शिक्षक द्वारा साइकिल के लिए छात्र से 400 रुपये की मांग की जा रही है पर कहा कि भ्रष्टाचार से अब स्कूल के बच्चे भी अछूते नहीं हैं।

## असर्फी हॉस्पिटल का धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस



**धनबाद संवाददाता ।** असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद के 17 वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को एक विशेष पूजन का आयोजन किया गया।पूजा में हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी और डॉक्टरों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अस्पताल द्वारा पिछले 17 वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में योगदान को रेखांकित किया।समारोह की शुरुआत गणेश पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों से हुई, जिसमें अस्पताल के निदेशक और प्रमुख डॉक्टरों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि %हमारे लिए यह यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। 17 वर्षों में, असर्फी हॉस्पिटल ने न केवल उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा प्रदान की है, बल्कि मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और देखभाल को भी साबित किया है। हम आगे भी अपने मरीजों को सर्वोत्तम उपचार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।%इस अवसर पर अस्पताल ने अपनी नई योजनाओं और भविष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल आगे भी न सिर्फ उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल करेगा।इसके अतिरिक्त अस्पताल ने समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए कई नई पहल की योजना बनाई है। इसमें विभिन्न कैंप्स, मुफ्त चिकित्सा जांच कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## विधायक ने अवैध स्टोन चिप्स की सप्लाई करनेवाली छह गाड़ियां पकड़ी

**रामगढ़ ।** जिले में क्लासिक इंजिकॉम प्लांट के द्वारा अवैध तरीके से स्टोन चिप्स खपाया जा रहा था। इस अवैध सप्लाई पर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने ग्रहण लगा दिया। उन्होंने न सिर्फ स्टोन चिप्स से लदी छह गाड़ियां पकड़ी, बल्कि उनके दस्तावेज की जांच कराकर उन पर बड़ी कार्रवाई भी करा दी है। रजरप्पा थाने में मंगलवार को 6 स्टोन चिप्स लदे हाईवा पर खान निरीक्षक राहुल सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई। इस मामले में चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज ने भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी सुकरीगढ़ा गांव में सोमवार की रात जतराटूंगरी टोला के पास स्टोन चिप्स से लदे 10 हाईवा खड़े थे। ग्रामीणों ने इस अवैध सप्लाई और ओवरलोडिंग की शिकायत विधायक ममता देवी से की। विधायक जब वहां पहुंची तो वहां से चार गाड़ियां रफू चक्कर हो गई जबकि 6 गाड़ियों को उन्होंने पकड़ा और उनके ड्राइवर को बुलाकर चालान की मांग की। इस दौरान उन लोगों ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद विधायक के निर्देश पर चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। हाईवा चालकों ने पुलिस को मोबाइल में चालान दिखाया लेकिन चालान निर्गत का समय रात 10ः00 बजे के बाद था। वह चालान भी रांची के हरमू स्थित पते का था। ड्राइवर को या नहीं पता था कि चालान पर रांची जिला का एड्रेस लिखा हुआ है। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने कहा कि वे लोग दुलमी प्रखंड के जरियो गांव से स्टोन चिप्स लादकर सिकनी में स्थित क्लासिक इंजिकॉम प्लांट में अनलोड करने जा रहे थे। इस मामले में विधायक ममता देवी ने रामगढ़ डीसी और माइनिंग विभाग को निर्देश दिया है कि एक टास्क फोर्स गठित कर इस पूरे अवैध कारोबार की जांच होनी चाहिए और इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। जो भी लोग दोषी पाए जाते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई हो, तभी सरकार का राजस्व बच सकता है।

## पत्रकार संघ ने सीएस को सौंपा पांच सूत्री मांगपत्र

**रांची संवाददाता ।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखण्ड राज्य इकाई की ओर से प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णनानंद भारती, राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज़ हसन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निलय सेनगुप्ता, एवं रांची के पत्रकार वीर सिंह ने झारखण्ड की मुख्य सचिव अलका तिवारी को ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों के विभिन्न लंबित मामलों को रखा. मुख्य सचिव को सौंपे गए मांगपत्र में 1)मध्य प्रदेश शासन की भांति पत्रकार पेंशन योजना लागू करने, 2) पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए पत्रकार स्वास्थ बीमा लागू करने, 3) गंभीर रूप से बीमार पत्रकारों में मनीष कुमार सिन्हा(जमशेदपुर), अनवर फ़िदवी(हज़ारीबाग), नूतन शर्मा(रांची), पत्रकार उपेंद्र महतो की पत्नी बेबी महतो(चांडिल, सरायकेला) सहित अन्य पत्रकारों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने, 4) कोरोना महामारी से जान गंवाने वाले पत्रकारों के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं अनुकम्पा के आधार पर नौकरी प्रदान करने एवं 5) झारखण्ड के विभिन्न जिलों में समाचार संकलन को लेकर पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज झूठे मुकदमे करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है. इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अन्य राज्यों में मिल रही योजनाओं के बारे में भी राष्ट्रीय महसचिव शाहनवाज़ हसन से जानकारी ली और अश्वस्त किया ।

## मां ने नवजात बच्ची को खेत में फेंका, जानवरों ने ले ली जान

**हजारीबाग ।** जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना मंगलवार को प्रकाश में आया है। यहां एक मां ने अपनी नवजात बच्ची को खेत में फेंक दिया। और आवारा कुत्तों और जंगली जानवरों ने नवजात को बुरी तरह नोंच डाला, जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना बगोदर-हजारीबाग रोड पर स्थित अलपीटो गांव की है। इसकी सूचना मिलने पर सीओ नित्यानंद दास मौके पर पहुंचे। उनकी सूचना पर पुलिस पहुंची, फिर बच्ची को एंबुलेंस से विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान नवजात बच्ची की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। नवजात बच्ची का शव गांव के स्कूल के पीछे एक खेत में पड़ा मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गयी। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद नवजात के शरीर पर कपड़े नहीं थे। जब ग्रामीणों की नजर नवजात बच्ची पर पड़ी, तो बदन में हरकत थी। हालांकि आवारा कुत्तों और जंगली जानवरों ने उसके शरीर को जगह-जगह नोंच और काट दिया था। इस कारण बाद में बच्ची की मौत हो गयी। मामले में विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने कहा कि नवजात बच्ची मृत फेंकी गयी थी या जीवित, यह स्पष्ट नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

## शराब घोटाले के आरोपित की डिस्चार्ज याचिका पर अगली सुनवाई 30 को

**रांची ।** शराब घोटाला के जरिए अवैध कमाई और मनी लांड्रिंग करने के आरोपित योगेंद्र तिवारी की दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर अब 30 जनवरी को सुनवाई होगी। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल, योगेंद्र तिवारी ने खुद को निर्दोष बताते हुए 19 दिसंबर को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है।

## जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 को

**रांची ।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 जनवरी को होगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश कार्यालय में बैठक आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश जदयू अध्यक्ष व सांसद खीरू महतो करेंगे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला, नगर अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष शामिल होंगे।

## कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर आज दो दिवसीय दौरे पर आएंगे झारखंड

**रांची ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव, प्रभारी झारखण्ड व नेता कांग्रेस विधायक दल जम्मू-कश्मीर विधानसभा गुलाम अहमद मीर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव व सह-प्रभारी झारखण्ड डॉ सिरिबेला प्रसाद झारखंड दौरे के क्रम में बुधवार को अपराह्न 05.45 बजे रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा सड़क मार्ग द्वारा रॉची से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया झारखण्ड प्रभारी श्री मीर एवं सह-प्रभारी डॉ0 प्रसाद 23 जनवरी वृहस्पतिवार को पूर्वा. 09 बजे पूर्व मन्नान मल्लिक के आवास जाकर मुलाकात करेंगे तथा पूर्वा. 09:30 बजे धनबाद से देवघर जिला के सोनारीठाड़ी प्रखण्ड के उपरकुरा जायेंगे, जहॉं पूर्वा. 11 बजे उपरकुरा से मकरा पहाड़ में आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान मार्च एवं मिलन समारोह में भाग लेंगे तथा अप. 03 बजे उपरकुरा से रॉची के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जेईई मेंस परीक्षा में केंद्रों के 300 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा

**रांची ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 22 से ली जाने वाली जेईई मेंस परीक्षा में सेंटर के तीन सौ मीटर तक के दायरे में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस बीच साइबर कैफे, फोटो कॉपी एवं प्रिंटिंग की दुकानें बंद रहेंगी। परीक्षा तीन पालियों में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, अरुनिमा टेक्निकल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और फ्यूचर ब्राइट केंद्र पर ली जाएगी। कदाचारमुक्त परीक्षा कराने और विधि-व्यवस्था के लिए डीसी और एसएसपी ने दंडाधिकारी लगा दिए हैं।

## पशुधन योजना के लाभुकों ने बकरी लेने से किया इनकार




**बरहरवा ।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कल्यान विभाग ने प्रखंड के दस महिला लाभुकों के बीच बकरी का वितरण संसद प्रतिनिधि, अब्दुल कादिर, विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,बरहरवा प्रमुख व उपप्रमुख जाकिर शेख के दुवारा किया जाना था, लेकिन इसका विरोध लाभुक करने के उपरांत बकरी वितरण नहीं हो पाया. वही सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर ने इसका जमकर विरोध किया और बताया कि इस योजना के तहत सरकार का पैसा को लूटा जा रहा है संवेदक द्वारा अच्छी नस्ल और कम कीमत की बकरी लाभुको दे रही है. उन्होंने ये भी बताया कि अनुदानित रुपये पचीस हजार दिया जाता है.लेकिन संवेदक क्क दुवारा काम लागत से बकड़ी खरीद कर इस योजना में 80 प्रतिशत लाभ कमा कमाता है.वही योजना के लाभ लेने पहुंची लाभुक सुसील हेम्ब्रम और मरांगमय ने बताया कि ये अछि नस्ल की बकरी नही है.पिछले बार भी बकरी पशुधन योजना के तहत प्राप्त हुआ था. लेकिन घर जाने के कारण में ही बकरी मर गई जिसका इंश्योरेंस भी नहीं मिला है. और इस बार भी अच्छी नस्ल का बकरी नहीं मिलने के कारण हम लोग इसका विरोध करते हैं, और यह कहना चाहते हैं कि जब तक अच्छी नस्ल बकरी नहीं दिया जाएगा तब तक हम नहीं लेंगे, वही उड़ान एजेंसी का संयोजक संतोष कुमार ने बताया कि एक हफ्ता का मोहल्ला चाहिए जिससे लाभों के अनुसार उसके पसंदीदा बकरी को खरीद कर उसको दिया जाएगा।

## पुलिस द्वारा तीसरी बार होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**साहिबगंज** बुधवार 22 जनवरी 2025 को पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के निर्देशानुसार टाउन हॉल साहिबगंज, टाउन हॉल राजमहल तथा पतना ब्लॉक सेमिनार हॉल में आम जनता के विभिन्न प्रकार के समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जन शिकायत समाधान सह जागरूकता कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके पूर्व भी पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के द्वारा सफलतापूर्वक दो बार कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं इनमें से पहला कार्यक्रम बीते 10 सितंबर 2024 को आयोजित किया गया था।जिसमें विभिन्न मामलों में कुल 342 शिकायत प्राप्त हुए थे।इनमें से पुलिस ने सफलता पूर्वक 243 मामलों का समाधान कर दिया था।वही दूसरी बार 18 दिसंबर 2024 को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ था।जिसमें पूरे जिला से कुल 214 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से पुलिस ने सफलतापूर्वक 147 मामलों का समाधान कर दिया था। शेष 67 मामलों पर अग्रिम कार्रवाई हो रही है।

## रेल पुलिस ने जांच अभियान में तीन से वसूला जुर्माना

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** मंगलवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस द्वारा जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आरपीएफ की टीम ने प्लेटफार्म नंबर एक व प्लेटफार्म नम्बर दो, पश्चिम रेलवे फाटक के आसपास जांच अभियान चलाया। जिसमें तीन लोगों को रेल अधिनियम के विरुद्ध पकड़ा गया। जिसके बाद में रेलवे एक्ट के तहत जुर्माना वसूलकर तीनों को छोड़ दिया गया।

## मनरेगा बीपीओ अखिलेश कुमार ने लिया योगदान



**बोरियो, साहिबगंज।** बोरीयो प्रखंड के निवर्तमान मनरेगा बीपीओ जैनी किस्कू का बरहरवा में तबादले के बाद नवनियुक्त बीपीओ अखिलेश कुमार को मंगलवार को पदभार दिलाया। नवनियुक्त प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अखिलेश कुमार का बरहरवा प्रखंड से बोरियों में तबादला हुआ है। अखिलेश कुमार ने कहा योजनाओं में पारदर्शिता रहेगा एवं योजना में कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी एवं योजनाओं तेजी लाई जाएगी।मौके पर पंचायत सचिव आशा कुमारी, एई, जेई सहित अन्य मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन परिसर में दो ई रिक्शा चालकों के बीच भिड़ंत, एक यात्री घायल

साहिबगंज। मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज रेलवे स्टशन के मुख्य द्वार पर ई रिक्शा से जाम रहता है। जहाँ ट्रेन आने के बाद यात्रियों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को डाउन जयनगर-हावड़ा ट्रेन आने के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में ई रिक्शा चालक आपस मे भीड़ गए। इस दौरान बाहर निकल रहे एक यात्री को गंभीर चोट लगी। उक्त यात्री को इलाज के लिए अन्य साथी ने किसी क्लिनिक में ले गए। इधर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर ई रिक्शा जाम रहने से आये दिन मारपीट होती है। लेकिन आरपीएफ व रेलपुलिस मौन है। इधर रेलथाना पुलिस के अनुसार इसे लेकर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। मारपीट से संबंधित कोई जानकारी नही मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## चौकीदार का निधन लंबे समय से थे बीमार

उधवा।राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवपाड़ा के चौकीदार चंडी मंडल की मृत्यु मंगलवार की सुबह हो गई। वह कई दो वर्षों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार मृतक चंडी मंडल उधवा अंचल से राधानगर थाना में 1990 से प्रतिनियुक्त थे। वे सुल्तानपुर,महादेवपुर, मदिया,सुखपाड़ा व अतिरिक्त चांद शहर बीट में तैनाती थी। चौकीदार के असमय निधन पर राधानगर थाना के पुलिस अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है। मृत चौकीदार के पुत्र दशरथ मंडल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके पिता लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता की मृत्यु एक बड़ा झटका है, और उनके निधन से दुखी हैं। उनकी मृत्यु से राधानगर थाना क्षेत्र के लोगों को एक बड़ा नुकसान हुआ है। उनके निधन पर चौकीदार संघ ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने भी चंडी मंडल के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चंडी मंडल एक समर्पित और ईमानदार चौकीदार थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए थे। उनकी मृत्यु से हम सभी दुखी हैं,

# हथियार से लैश अपराधियों ने छिनतई कर तीन मवेशी लदा बोलोरो पिकअप लेकर हुए फरार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**साहिबगंज** जिले के राजमहल थाना अंतर्गत मंगलहाट में निर्माणाधीन फोरलेन पर सोमवार की देर रात्रि हथियार से लैश 8 से 10 अपराधियों ने लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया। और तीन मवेशी लदे बोलेरो पिकअप वाहन को लेकर फरार हो गए। इस संदर्भ में वाहन मालिक बबलू मुंडा ने बताया कि उसके गाड़ी का चालक लखींद्र बोलेरो पिकअप वाहन रजि संख्या जेएच 18 के 2629 में मवेशी लोड कर पशु विक्रेता मुस्तफा अंसारी के साथ बरहरवा से साहिबगंज की ओर आ रहा था।इसी दरम्यान मंगलहाट के समीप निर्माणाधीन फोरलेनबादल पर इसी 8 से 10 की संख्या में हथियारों से लैश खड़े बदमाशों ने पिकअप को रुकवा कर हथियार का भय दिखाते हुए तीन मोबाइल एवं मुस्तफा अंसारी के पास से 4000 रुपया नकद की छिनतई कर ली। बदमाशों ने पिकअप पर सवार सभी के साथ मारपीट की व जबरन गाड़ी से उतार कर तीन मवेशी सहित बोलोरो पिकअप वाहन लेकर फरार हो गए। बाद में चालक ने घटना की जानकारी वाहन मालिक को दी। मामले को लेकर वाहन मालिक बबलू मुंडा ने पुलिस को आवेदन देकर घटना की शिकायत की है।वही मामले में राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस की टीम का गठन किया गया है। टीम छापेमारी कर रही है। घटनास्थल के समीप लगे सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला गया है। पुलिस जल्द ही लूट कांड का उद्भेदन करेगी।

## जिला समाज कल्याण विभाग की डीसी ने की समीक्षा बैठक



**साहिबगंज।** उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा 127 आंगनबाड़ी केंद्रों और 45 डीएमएमटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी ने आंगनबाड़ी सहायिका और सेविका के रिक्त पदों की जानकारी ली और इन पदों पर चयन प्रक्रिया के प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने बताया कि चयनित सहायिका और सेविका को नियुक्ति पत्र 26 जनवरी को प्रदान किए जाएंगे।साथ ही डीसी ने समर एप्स में डेटा एंट्री की प्रगति की भी जानकारी ली।उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समर एप्स पर सभी डेटा का समय पर अद्यतन और सत्यापन सुनिश्चित करें।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,महिला पर्यवेक्षिकी उपस्थित थी।

## हाईवे की चपेट में आने से जीजा /साला सहित एक अन्य गंभीर रूप से घायल

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/**तालझारी~थाना क्षेत्र के महाराजपुर - सुखसेना मुख्य पथ के बाफर टोला के समीप सोमवार के संध्या अज्ञात तेज रफ्तार हाईवे की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर के रूप से घायल हो गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उधवा के रहने वाले आशीष सरकार की मां रीना देवी कि अचानक तबीयत खराब होने के बाद उनको साहिबगंज इलाज के लिए ले जाया गया था इसी बीच इलाज के दरमियान उनकी मौत सोमवार को हो जाती है जिसे लेकर बेटा आशीष सरकार ओर उनके जीजा दिनेश कुमार साहिबगंज के द्वारा रीना देवी की शव को चार चक्का वाहन से उधवा के लिए प्रस्थान किए थे इसी बीच तालझारी थाना क्षेत्र के मसकलैया पंचायत अंतर्गत बाफर टोला के समीप सुखसैना की तरफ से आ रही अज्ञात हाईवा ने मोटरसाइकिल सवार आशीष एवं दिनेश सहित एक स्थानीय अन्य को अपने चपेटे में ले लिया , जिससे दोनों का बाय पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया । साथ ही एक अन्य भी घायल हो गया ,वही हाईवा चालक घटना के बाद वाहन को लेकर भागने में कामयाब होगया, स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज एवं पंचायत के उप मुखिया के जनप्रतिनिधि पति मधु कुमार राय को दि ,जिस पर मानवता की भाव रखने वाले मधु कुमार एवं उनके मित्र रवि यादव, मिथिलेश यादव एवं तालझारी थाना के एएसआई देन्दु कुमार राय सहित स्थानीय ग्रामीणों ने सहयोग करते हुए दो घायलों को जनप्रतिनिधि के द्वारा अपने स्कॉर्पियो में ले कर साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंचे ,जहां मौके पर उपस्थित डॉक्टर ने स्थिति को देखते हुए ब रेफर कर दिया ।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**उधवा।** उधवा राजमहल एनएच 80 मुख्य पथ पर जामनगर हटिया के पास हुए सड़क हादसे में घायल वृद्ध व्यक्ति हारून रशीद (66) वर्ष की पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान के आसपास के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक व्यक्ति राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पियारपुर पंचायत के रहने वाला है। जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र के जामनगर हटिया के पास बीते रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से हारून रशीद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने घायल वृद्ध व्यक्ति को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया था। परिजनों ने घायल को बेहतर इलाज के लिए कोलकाता ले गया। वहां के एक अस्पताल में इलाज कराने के बाद वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान के आसपास दम तोड़ दिया। मंगलवार को शव को खाक ए सुपूर्द कर दिया है।

## आईटीडीए एवं पहाड़िया कल्याण विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

साहिबगंज।उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कल्याण,आईटीडीए एवं पहाड़िया कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना,मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना पर विस्तृत चर्चा की गई एवं डीसी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास समेत जेई उपस्थित थे।

## शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज में कडी सुरक्षा के बीच कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न

**बोरियो,साहिबगंज।** शिबू सोरेन जनजातीय डिग्री कॉलेज बोरियो में यूजी सेमेस्टर-6(सत्र2021-24) का प्रायोगिक परीक्षा मंगलवार को अंतिम दिन कड़े सुरक्षा के बीच कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। केन्द्राधीक्षक सह पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. नजरूल इस्लाम ने बताया कि 7 वाह्य परीक्षक बाहर से आए थे उनके निगरानी में परीक्षा ली गई। जियोलॉजी के लिए ए.एस कॉलेज देवघर से डॉ. अंबर केरकेट्टा,मॉडल कॉलेज राजमहल से डॉ. रणजीत सिंह, ए.एन कॉलेज दुमका से एल.एस.डबल्यू के लिए रजनीश प्रसाद, एवं मिथिलेश सिंह, भौतिक शास्त्र से डॉ. राजीव रंजन सिंह, डॉ. रवि शंकर कुमार, एवं प्रो. राजेश कुमार शामिल थे। 9 कॉलेज के 200 विद्यार्थियों ने तीन विषय फिजिक्स, जियोलॉजी एवं एल.एस.डब्ल्यू विषय की प्रायोगिक परीक्षा कड़े सुरक्षा के बीच अंतिम दिन कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। इस मौके पर डॉ. सीताराम ठाकुर, प्रो. नागराज, प्रो. शंकर रमनी, प्रो. मसीह मरांडी, प्रो. विमोला मुर्मू, डॉ. मेरी सोरेन, रवि कुमार, भोला प्रसाद साह, नीतू सिंह, दिवाकर साह, मनोहर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## आमजनों की समस्याओं का निदान करना ही कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता : बरकत



**संथाल एक्सप्रेस/बरहड़वा** ~ विधायक मोहतरमा निसात आलम के निर्देशानुसार आज मंगलवार को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान।मिर्जापुर,रामनगर, बटाइल,मधवापाड़ा, पलासबोना,श्रीकुंड एवम नगर पंचायत से आए दर्जनों महिलाओं ने विधायक कक्ष में मईया सम्मान योजना का आवेदन ऑनलाइन होने के बावजूद भुगतान न होने की शिकायत विधायक प्रतिनिधि से किया। बरकत खान ने संबंधित अधिकारी से वार्तालाप किया आश्वासन दिया गया कि वर्तमान समय में पोर्टल बंद है जैसे ही पोर्टल खुलेगा समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।साथ ही बिजली,अबुवा आवास,पेंशन का भुगतान नहीं होने तथा अंचल से संबंधित समस्या को लेकर भी आम जन उपस्थित हुए,प्राप्त शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही फरीदपुर की कुछ महिलाओं शिकायत की कि तनुजा स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा दो महीनों से राशन नही दिया गया विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने त्वरित कार्यवाही करते हुए डीलर से वार्तालाप की एवं बुधवार को राशन वितरण करने को कहा .वही पानी की समस्या से झूझ रहे पथरिया वासियो ने पथरिया में मिल के पास बोरिंग को लेकर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के समक्ष आवेदन दिया जिस पर प्रतिनिधि खान ने जल्द बोरिंग करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,जिला महासचिव मिठुन कुमार मण्डल, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार,आलमगीर मंसूरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता तथा ग्रामीणगण उपस्थित थे।

## कोहरे के कारण फरक्का एक्सप्रेस दस घंटा विलंब, रेल यात्रियों की हुई परेशानी

साहिबगंज।इन दोनों साल की पहली जनवरी माह में बढ़ते कड़ाके की ठंड व घने कोहरे ने जहां लोगो के जीवन को अयस्त-व्यस्त कर दिया है। तो वहीं ट्रेन परिचालन पर भी ब्रेक लगा दिया है।इसके चलते अप फरक्का एक्सप्रेस अपने समय से पूरे दस घन्टे विलंब से मालदा से खुली है। जानकारी के अनुसार इस ट्रेन का निर्धारित समय रात 07~15 बजे मालदा में है।जबकि साहिबगंज में रात 09~34 बजे है। लेकिन यह ट्रेन अगले दिन सुबह 04~49 बजे मालदा से खुली है। जबकि साहिबगंज में सुबह 07~11 बजे पहुची है। इसके चलते यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

## ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों को लगा जुर्माना

बोरियो, साहिबगंज ।बोरीयो थाना गेट मुख्य द्वार के समीप मंगलवार शाम को जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का हेलमेट, आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस,फिटनेस का जांच किया गया, इस दौरान ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले चालकों से कुल अठारह हजार छः सौ पचास रुपए का जुर्माना वसूला गया साथ ही सख्त सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने का सख्त हिदायत दिए। इस मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## उर्स के मौके पर हुई चादर पोशी



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** मंगलवार को जिले के राजमहल प्रखंड के सैदपुर पंचायत मंगलहाट मुन्ना पटाल स्थित पीरपहाड़ के हजरत सैयद शाह अहमद बुखारी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक के मौके पर मंगलवार को उनके मजार पर राजमहल विधायक एमटी राजा एवं सांसद की मां संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया उसके बाद चादर पोशी हुई जिसके बाद फातेहा और तबर्रुख बितरण किया गया।उर्स के मौके पर दरगाह में काफी भीड़ भाड़ देखने को मिली जिसमे राजमहल, तीनपहाड़, तालझारी, उधवा, महराजपुर, बरहरवा, पाकुड़ सहित दूर दराज से लोग पहुचे थे।वही राजमहल के नव निर्वाचित विधायक एमटी राजा और प्रतिनिधि गुड्डू उर्फ मारूफ भी समर्थकों के साथ मजार पहुच क्षेत्र के अमन व चैन की दुआ मांगी।वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। मौके पर सैदपुर मुख्या प्रतिनिधि दुर्गा मंडल ,अजय दास ,गोपाल मंडल ,सूरज मंडल ,सोबीन मंडल, गुडडु दास, अजय साहा,प्रकाश मंडल, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट नेताजी क्लब ने 102 रनों से जीत हासिल की



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में मंगलवार को बरहेट वारियर्स बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। नेताजी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 3 विकेट पर 271 रन बनाए। गौरव शेखर ने 25, राहुल ने 78, मिस्टर एनर्जी ने 55, पीयूशम ने 52 व अनिकेश ने 32 रनों की पारी खेली। बरहेट वारियर्स के गेंदबाज उत्तम दास। के 3 विकेट लिए।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बरहेट वारियर्स 23 ओवर में 169 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सचिन ने 55, विकास ने 34, अक्षय ने 39 रनों की पारी खेली। नेताजी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज मिस्टर एनर्जी ने 4, अनुज कुमार ने 4, गौरव व बिष्णु ने 1-1 विकेट लिया। नेताजी क्रिकेट क्लब ने 102 रनों से जीत हासिल की। नेताजी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मिस्टर एनर्जी को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ विजय कुमार ने मिस्टर एनर्जी को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डु एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सबकमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिंहा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 22 जनवरी को सीएबी येलो, बरहरवा बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू के बीच मैच खेला जाएगा।

## डीसी ने लोगों की सुनी समस्याएं



**साहिबगंज।** उपायुक्त कार्यालय में डीसी हेमंत सती ने मंगलवार को जनता दरबार लगा कर आम जनता की समस्याओं से रूबरू हुए।जिले के विभिन्न प्रखण्ड से आये आम जनों से सीधा संवाद कर समस्याओं को सुनकर प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया और आश्वासन दिया गया जल्द से जल्द समस्याओं को दूर किया जाए।

## फाईलेरिया कार्यक्रम को लेकर मुखिया व जल सहिया के साथ की गई बैठक

**मंडरो,साहिबगंज।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को पीरामल फाउंडेशन के अजय केसरी के नेतृत्व में प्रखंड के मुखिया,जल सहिया के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से फाईलेरिया बीमारी के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।वहीं बताया कि इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए समुदाय में जागरूकता और सहयोग की आवश्यक है। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड आगामी माह होने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा किया गया। इस संबंध में क्षेत्रों की पहचान करने का भी सुझाव दिया गया।बताया की जानकारी के अभाव में लोग दवा खाने से इनकार कर देते हैं।ऐसे लोगों को दवा के महत्व को समझा कर इसे सेवन करने के लिए प्रेरित करने का भी आग्रह किया गया। जबकि पुराने फाईलेरिया रोगियों के लिए सहायता व फाईलेरिया मुक्ति के लिए सदस्यों से अपील की गई। फाईलेरिया मुक्त पंचायत बनाने के लिए एमडीए कार्यक्रम में टीम का पूरा सहयोग करें साथ मे फाइलेरिया उन्मूलन के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।वहीं यह तय किया गया कि पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को फाईलेरिया उन्मूलन अभियान से जोड़ा जाएगा।मौके पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अजय कुमार केशरी, स्वच्छ भारत मिशन के वसीम आलम,मुखिया अनिता हेमब्रोम,बासमती देवी,जल सहिया किरण देवी,पुष्पा टेरेसा मरांडी,सुनीता मरांडी,ऊषा देवी सहित कई मुखिया व जल सहिया उपस्थित थी।

## जिला स्तरीय युवा आदान-प्रदान का समापन



**साहिबगंज।** माय भारत नेहरू युवा केंद्र साहेबगंज की ओर से पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का पांचवें वे दिन मंगलवार को समापन किया गया।समापन समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व जैक अध्यक्ष अरविंद प्रसाद सिंह, साहेबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य एस आर रिज़वी,सीडब्लूसी के अध्यक्ष अब्दुस सुभान शामिल हुए। जहां अरविंद प्रसाद सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में युवाओं के अंदर जो भी भिन्न भिन्न स्थान पर गए जैसे उधवा झील,मोतीझरना आदि किसी चीज को पढ़ने से ज्यादा उनको साक्षात देखने से ज्यादा सीखने को मिलती हैं। वहीं एस आर रिज़वी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से व्यवहारिक जान की प्राप्ति हुई होगी।इसमें प्रशिक्षण की सीमा 5 से बढ़ा कर 15 दिन का किया जाना चाहिए।नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान नई शिक्षा नीति,पंचायती राज,बल विवाह,पॉस्को एक्ट,वन नेशन वन इलेक्शन आदि के साथ क्षेत्र भ्रमण में भी कराया गया।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नेहरू युवा केंद्र एक मंच प्रदान करता है।इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिले से आए कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें महेश,कोमल,डॉली,रूही, तेजवंत,नोमान,शाहबाज, आकाश,निशु,संजना,जया,उपेंद्र,राहुल,लक्ष्मी,सुधांशु,सचिन,छोटेलाल,नीलेश ,संदीप, रवि,आकांक्षा,इशिता,अजय, नीतीश,हिमांशु उपस्थित रहे।

## केंद्रीय अध्यक्ष बने डॉ संजीव कुमार सिंह

साहिबगंज संताल एक्सप्रेस। जिला महाविद्यालय के केंद्रीय अधीक्षक बन गए डॉ संजीव कुमार सिंह अध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग यूजी सेमेस्टर 3 सत्र 2022 26 , परीक्षा 2023 साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज बनाया गया। डॉ संजीव कुमार ने कहा परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांति पूर्वक परीक्षा संचालन हमारी प्रथम प्राथमिकता व प्रतिबद्धता है । विश्वविद्यालय परीक्षा अधिनियम का सत प्रतिशत पालन किया जाएगा। डॉ संजीव कुमार सिंह ने कुलपति प्रोफेसर विमल प्रसाद सिंह परीक्षा नियंत्रक डॉ अजय कुमार शाह का आभार व्यक्त किया वही साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के प्राचार्य प्रो एस आर आई रिजवी , प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह डॉ अनूप कुमार साह , डॉ प्रमोद कुमार डॉ रूपा डॉ मेघा डॉ दिनेश प्रसाद यादव डॉ डेविड यादव प्रो सोनू फ्रांसिस मुर्मू, डॉ ध्रुव ज्योति कुमार सिंह ,डॉ राधा सिंह डॉ राजीव सिंह डॉ सिदाम सिंह मुंडा, डॉ कसमुद्दीन आदि एवं अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

## क्या अमेरिका के मोदी साबित होंगे ट्रम्प?

माननीय,सम्माननीय डोनाल्ड ट्रम्प अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति है। ट्रम्प महोदय के शपथ ग्रहण के बाद ये अटकलें लगना शुरू हो गयीं हैं कि वे आज नहीं तो कल अमेरिका के मोदी साबित होंगे,क्योंकि ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री प्रातस्मरणीय माननीय श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जीकी प्राथमिकताएं लगभग एक जैसी है। उनकी आक्रामकता ,उनकी सियासत में अदावती शैली मोदी जी की राजनीति से बहुत कुछ मेल खाती है। ट्रम्प के लिए अमेरिका के लिए कुछ नया दिखने का ये अंतिम अवसर है। अमेरिकी ट्रम्प को और मौक़ा नहीं दे सकता। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में कैच एंड रिलीज नीति को समाप्त करने का वादा करते हुए कहा कि वे दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करेंगे और लाखों अवैध अप्रवासियों को वापस भेजेंगे। कैच एंड रिलीज शब्द का इस्तेमाल अक्सर अप्रवासियों को अदालत की तारीख तक हिरासत में रखने के बजाय रिहा करने की नीति के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक विशिष्ट कानून या नीति नहीं है और अब आम प्रथा नहीं है, जिसे ट्रंप खत्म करने की बात कह रहे हैं। उनके आदेश का विवरण भी स्पष्ट नहीं है।भारत में भी अवैध प्रवासियों को लेकर मोदी सरकार लगातार जूझ रही है लेकिन भारत में अभी किसी भी सीमा पर आपातकाल की घोषणा नहीं की हई है। लेकिन ट्रम्प महोदय से प्रेरणा लेकर भारत में भी ऐसा कदम उठाया आ सकता है। कोई माने या न माने ट्रम्प और मोदी जी एक-दुसरे के ख्यालों [आइडियाज] की या तो नकल करते हैं या एक-दुसरे को प्रेरित करते हैं। दोनों की बातों में हवा -हवाई तत्व कॉमन है।

ट्रंप ने पनामा नहर को वापस लेने का भी वादा करते हुए कहा कि इस नहर के निर्माण के दौरान 38,000 अमेरिकियों की मौत हुई और चीन नहर का संचालन कर रहा है। सच्चाई ये है कि अमेरिकी निर्माण में 5,600 लोगों की मौत हुई थी और ये कैरिबियन के मजदूर थे। पनामा नहर के प्रशासक ने ट्रंप के इस दावे का खंडन किया है कि चीन नहर का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा है कि इन बंदरगाहों पर काम कर रही चीनी कंपनियां हांगकांग के एक कंसोर्टियम का हिस्सा थीं, जिसने 1997 में बोली प्रक्रिया जीती थी। अमेरिकी और ताइवान की कंपनियां भी नहर के किनारे अन्य बंदरगाहों का संचालन कर रही हैं।मुमकिन है की भविष्य में भारत के प्रधानमंत्री जी भी चीन को आँखेंदीखते हुए चीन से भारत की हथियाई गयी जमीन पर अपना हक जताने लगें।डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका में मुद्रास्फीति रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची और ऐसा अत्यधिक खर्च और बढ़ती ऊर्जा कीमतों से हुआ है। ये बात सही है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति 2022 की गर्मियों में 9.1 फीसदी के चार दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी लेकिन देश में सबसे अधिक मुद्रास्फीति दर जून 1920 में 23.7त्न थी।संयोग से ये सब भारत में भी हुआ है किन्तु मोदी जी को ये सुविधा हासिल नहीं है कि वे भारत में मुद्रास्फीति के लिए किसी और को जिम्मेदार ठहरा सकें, क्योंकि पिछले 11 साल से वे खुद ही सत्ता में हैं ,मोदी जी इसके एवज हमेशा नेहरू-गांधी परिवार को लपेटते रहते हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने खतरनाक अपराधियों को शरण और सुरक्षा दी है, जिनमें से कई जेलों और मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों से अवैध रूप से अमेरिका में आए हैं। एक्सपर्ट इस दावे को ठीक नहीं मानते हैं। इनका कहना है कि कुछ अमेरिकी शहरों में अप्रवासियों की आमद हुई है लेकिन ज्यादातर कानूनी तौर पर, वर्क परमिट या अदालतों में उनके मामलों पर काम होने तक रहने के प्राधिकरण के साथ आए हैं। रिसर्च ये बताती हैं कि अप्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अपराध करने की कम संभावना रखते हैं। पर कुछ संस्थाएं हैं जो मानती है कि अपराध बढ़ने की वजह अप्रवासी नहीं हैं।भारत में भी मोदी जी और उनकी सरकार मानती है की देश में बढ़ते अपरधों की वजह बांग्लादेशी प्रवासी है। मशहूर फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले को इसका उदाहरण बताया जा रहा है।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोसः एक पराक्रमी योद्धा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया क्वजय हिन्द% का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। क्वतुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा% का उनका नारा भी उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है।नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उसके बाद उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उन्होंने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।

1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाषचंद्र बोस उसके सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तब गांधीजी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधीजी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस, गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।1930 में सुभाष के कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई।जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनीं।नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा दिया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। खून भी एक-दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इम्फाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा।

6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधीजी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 का नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। 18 अगस्त 1945 को नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद अबतक अनसुलझा है।



सुभाषचंद्र बोस जयंती पर विशेष

## पाकुड़ की खबरें

### 23 जनवरी को सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का किया जाएगा अनावरण

हिरणपुर (पाकुड़ )जिला प्रशासन के सौजन्य से आगमी 23 जनवरी को सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इसको लेकर सीओ मनोज कुमार ने हिरणपुर सुभाष चौक जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया एवं कमिटी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि डीबीएल कंपनी द्वारा हिरणपुर सुभाष चौक में उनकी पुरानी प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार करते हुए इसको पहले से आकर्षक बनाया गया है। उपायुक्त पाकुड़ द्वारा 23 जनवरी इसका अनावरण किया जाएगा। जिसमें प्रतिमा स्थापित करने वाले समिति के साथ-साथ गण्य-मान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### बीडीओ ने पंचायत क्षेत्र का किया निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** महेशपुर (पाकुड़ )प्रखंड अंतर्गत शाहरग्राम पंचायत क्षेत्र का बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने मंगलवार को निरीक्षण किया । वही निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मनरेगा योजना,15 वे वित्त आयोग, अबुआ आवास, पीएम आवास सहित कई योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।महेशपुर बीडीओ के द्वारा बताया गया की डीसी के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को प्रशासन दिवस मनाये जाने हेतु प्रखंड में प्रखंड स्तरीय टीम बनाया गया है। जिसमे आज बीपीआरओ प्रशंजित मंडल ,बीपीओ रिजवान फारूकी,सहायक अभियंता उत्तम वैध नेअबुआ आवास,मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं का अनुश्रवण किया गया । इस मौके पर पंचायत मुखिया सुजाता हेंब्रम,रोजगार सेवक ,पंचायत सचिव सहित अन्य मौजुद थे ।

### अवैध बालू परिवहन के खिलाफ थाना में मामला दर्ज

महेशपुर ( पाकुड़ )थाना क्षेत्र के रद्दिपुर ओपी अंतर्गत कादमडंगा गांव के पास से एक अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर मालिक एवं चालक पर थाना में मामला दर्ज किया गया है वही मामले को लेकर महेशपुर अचलाधिकारी संजय सिन्हा ने आवेदन में उल्लेख किया है की दिनांक 20.01.2025 को समय लगभग 12.15 बजे अपराहन थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान कदमडांगा के पास बालू परिवहन करते हुए ट्रेक्टर को रोका गया। चालक के द्वारा बालू परिवहन से संबंधित किसी प्रकार के आवश्यक कागजात यथा चलान एवं ट्रेक्टर से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। उक्त ट्रेक्टर से अवैध बालु परिवहन किया जा रहा था। ट्रेक्टर पर लगभग 110 सी0एफ0टी0 करके बालु लोड था ।मौके पर मौजूद पुलिस बल के सह?योग से उक्त ट्रेक्टर जब्त कर रद्दीपुर ओपी में रखा गया है। मामले को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसर करवाई किया जा रहा है ।

### 22 जनवरी को आयोजित होगी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**पाकुड़।** पाकुड़ पुलिस आम जनों की सहायता के लिए तत्पर है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर पाकुड़ में 22 जनवरी को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 22 जनवरी को 11~00 बजे नगर थाना में, महेशपुर थाना परिसर में एवं लिट्टीपाड़ा थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार में आम नागरिक को आग्रह किया है कि वह निश्चित तिथि में अपनी उचित समस्याओं को रखें। उचित शिकायत का समाधान किया जाएगा। बिना किसी डर भय के आवे यथा संभव आपकी बात सुनी जाएगी और समाधान की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

### हिरणपुर प्रखंड एलकेएम पार्टी का हुआ विस्तार



**संताल एक्सप्रेस हिरणपुर** (पाकुड़ ) जिला अध्यक्ष हसन अंसारी की अध्यक्षता में हिरणपुर प्रखण्ड में जे एल के एम के जिला कमिटी के द्वारा प्रखण्ड कमिटी के विस्तार किया गया।जिसमें सर्व सम्मति से लाल मोहन पंडित को प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप चयन किया गया जबकि प्रखण्ड उपाध्यक्ष के रूप - लखन साहा ,अनिल टुडू,शमन अली कुणाल महतो को एवं प्रखण्ड सचिव - वसीम अंसारी, व सचिव भी चयन किया गया।कोषाध्यक्ष के रूप में ठाकुर कुंअर साहा,संगठन संचालक राहुल साहा,बंदों हेम्ब्रम,ओर जवेद अंसारी को तथा प्रखण्ड के प्रवक्क्त दीपक स्वर्णकार मीडिया प्रभारी राजू कुमार साहा व महामंत्री संजीव, ठाकुर नुरमोहम्मद,एनामुल अंसारी,रोहित मण्डल को चयन किया गया।उक्त बैठक मे मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता हेम्ब्रम मौजूद रही। जिला अध्यक्ष ने बताया कि हमारे पार्टी के सुप्रीमो जयराम महतो के निर्देश पर पार्टी की विस्तार जिला के सभी छः प्रखंडो में किया जाना है । सभी पंचायत के सभी बूथों को मजबूती के साथ खड़ा करना है। आने वाले विधान सभा चुनाव में हम 81 के 81 सीट जीतना है। ।वही नवनियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष लालमोहन पण्डित ने कहा कि हमे जिला कमिटी का एवं पार्टी के सुप्रीमो जयराम महतो का सपना को साकार करने है । बैठक में,एनामुल अंसारी, लखन साहा, मोनिका मराण्डी,महेंद्र मराण्डी आदि मौजूद

### गणतंत्र दिवस के परेड का पूर्वाभ्यास शुरू



**पाकुड़।** गणतंत्र दिवस के परेड का पूर्वाभ्यास मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन मैदान में शुरू किया गया। इस वर्ष की परेड में 12 प्लाटून और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बैंड पार्टी हिस्सा ले रही है।परेड कमांडर खुशीलाल महतो के नेतृत्व में 10 टोलियां बनाई गई हैं। संबंधित टोलियों में जिला पुलिस जवान, गृह रक्षक, विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने परेड का रिहर्सल किया। सार्जेंट मैनेजर के नेतृत्व में सभी प्लाटून के जवानों को परेड की जानकारी दी गई । गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आर जे स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां डीसी द्वारा परेड का निरीक्षण करेंगे।यह पूर्वाभ्यास 23 जनवरी तक चलेगा और अंतिम दिन डीसी द्वारा परेड की तैयारियों का विशेष निरीक्षण किया जाएगा।

### सेविकाओं के दिया गया प्रशिक्षण



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** मंगलवार को सेविकाओ के साथ पोषण ट्रैकर को लेकर लिट्टीपाड़ा के प्रखंड सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में पीरामाल फाउंडेशन के प्रशिक्षक मीना कुमारी, दुर्गेश दुबे , अरशद अली और एस्पिरेशन ब्लॉक से फैलो वंदना कुमारी के द्वारा पोषण ट्रैकर पे विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया और साथ ही साथ एडब्ल्यूडब्ल्यू को पोषण ट्रैकर में कार्य करने में आ रही समस्याओं के समाधान और पोषण ट्रैकर से संबंधित जानकारी देने के लिए प्रखंड सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सेविकाओं को पोषण ट्रैकर अपडेट करना , नए लाभार्थी की फीडिंग करना , बच्चों की उपस्थिति भरने से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया।पीरामल फाउंडेशन की टीम के द्वारा पोषण ट्रैकर पर प्रशिक्षण के साथ साथ मातृ , नवजात एवं बाल स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा किया।

### द्वितीय वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन सुरक्षा और जागरूकता पर जोर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।पडीजीएमएस सेंट्रल जोन धनबाद के तत्वावधान में पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक (ओसीपी) में 13 से 25 जनवरी 2024 तक द्वितीय वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आलूबेड़ा स्थित पीएसपीसीएल एवं डीबीएल के कैंप कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीसीसीएल धनबाद के प्रोजेक्ट हेड संजीव कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीजीएमएस सेंट्रल जोन द्वारा गठित समिति के सदस्य जिनमें बीसीसीएल के सीनियर मैनेजर आशीष तिवारी, इंजीनियरिंग विशेषज्ञ विक्रांत कच्छप, हिमांशु कुमार सहित अन्य अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वहीं पीएसपीसीएल के एजेंट राकेश कुमार सिंह ने पचुवाड़ा सेंट्रल कोल माइंस के इतिहास और संचालन के सुरक्षा मानकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खनन कार्य डीजीएमएस के दिशा-निर्देशों के तहत पूरी तरह से सुरक्षित तरीके से हो रहा है। वहीं मुख्य अतिथि संजीव कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्य करने से पहले सभी कर्मियों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए। सुरक्षित और प्रभावी खनन कार्य ही सफलता की कुंजी है। साथ ही पीएसपीसीएल के ब्लास्टिंग ऑफिसर अरनॉल्ड ने उपस्थित कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में डीजीएमएस द्वारा गठित समिति और मुख्य अतिथि ने खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा उपायों का मूल्यांकन किया। खदान सुरक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों और अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। माइंस मैनेजर कृष्णकांत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डीबीएल और पीएसपीसीएल के कई अधिकारी राज कुमार डोडा, संतोष कुमार, एचआर हेड प्रिंस कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### पुआल की ढेर में मिली एक महिला की जली हुई शव,जांच में जुटी पुलिस



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव स्थित बहियार में मंगलवार को पुआल के ढेर में एक महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों ने खेत की तरफ से उठते धुंआ को देखा तो घटना की जानकारी सामने आया। शव पूरी तरह जला हुआ था। जिसके कारण महिला की पहचान नही हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही मालपहाड़ी थाना प्रभारी अंशु उपाध्याय दल बाल के साथ मौके से पहुँचकर आग को बुझा कर मामले की जांच शुरू कर दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने महिला की पहचान से इनकार कर दिया। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बताया कि पुलिस महिला की पहचान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कई एंगल से जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या यह हत्या का मामला है या फिर कोई अन्य कारण है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।ओर आसपास के इलाकों में भी महिला के बारे में जानकारी की जा रही है।

### ओवरलोड बालू लदे दो ट्रेक्टर जब्त

हिरणपुर (पाकुड़ ) स्थानीय बाजार से डीटीओ संजय पीएम कुजूर ने दो बालू लदे ओवरलोड ट्रेक्टर को जब्त किया है। दोनों जब्त ट्रेक्टर को थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। जानकारी के अनुसार डीटीओ क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब हिरणपुर बाजार पहुंचे इस दौरान रानीपुर की ओर से दो बालू लदे ट्रैक्टर आ रही थी। जिसके बाद आवश्यक कागजात की मांग की गई। परंतु चालक आवश्यक कागजात दिखा नहीं पाए। जिसके बाद उसे जब्त कर लिया गया।

### स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**हिरणपुर (पाकुड़ )** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिरणपुर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन सीओ मनोज कुमार, डॉ सैफ अली, डॉ मनोज कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया किया। इसके बाद मौके पर लगे सभी स्टॉलों की बारी-बारी से निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश दिया। शिविर में सैंकड़ों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क में दवा का वितरण किया गया। साथ ही मरीजों को जरुरी सलाह भी दी गई। मौके पर बीपी, सुगर, सीकल सेल, टीबी, मलेरिया, कुष्ट, नेत्र जांच आदि का स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान सीओ ने कहा कि ग्रामीण शिविर में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। इस आयोजन के लिए उन्होंए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मी इसके लिए बधाई को बधाई दी। मौके पर ओसिन टोप्पो, विनोद कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# नगर निगम ने बकायेदारों के खिलाफ टैक्स वसूली अभियान किया शुरू, दी चेतावनी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** नगर निगम के प्रशासक रोहित सिन्हा के निर्देश पर 21 जनवरी मंगलवार को वार्ड नंबर 1 से 6 तक के होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों के घरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह जानकारी सामने आई कि कई होल्डिंग धारकों का टैक्स लाखों में बकाया है, जबकि कुछ घरों में एसएएफ फॉर्म भी अभी तक नहीं भरा गया है। नगर निगम ने



इन बकायेदारों को अंतिम चेतावनी दी है कि वे अपना बकाया टैक्स जल्द से जल्द जमा करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो नगर निगम झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 की धारा 184 के तहत क़ानूनी कार्यवाही करने के लिए मजबूर होगा।

बड़े बकायेदारों में महेंद्र प्रसाद /जगदीश प्रसाद - 77,502 वार्ड 28 प्रेम कुमार वर्मा - 41,414 वार्ड 28 ममता देवी - 25,375 वार्ड 29 ललिना देवी - 16,493 वार्ड 29 प्रतिभा देवी-24,298 वार्ड 29 अशोक कुमार मिश्र -17,000 वार्ड 28 इसके अलावा और भी कई बकायेदार हैं जिनका पिछले 5-6 सालों से टैक्स बकाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नगर निगम अब इन बड़े बकायेदारों के खिलाफ नियमानुसार चल और अचल संपत्ति की जप्ती और कुर्की भी कर सकती है।

# सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** विशाल सागर के निर्देश पर आज 21 जनवरी को जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा साईकिल जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन आर0मित्रा0सी0एम0एस0ओ0ई0 विद्यालय देवघर में किया गया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर आर0मित्रा0सी0एम0एस0ओ0ई0 विद्यालय से रैली को प्रस्थान किया गया। इसके अलावा साइकिल जागरूकता रैली वी0आई0पी0 चौक, एस0पी0 आवास, सत्संग ओवरब्रिज से उपायुक्त आवास, अंबेडकर पुस्तकालय से पुनः वी0आई0पी0 चौक, टावर चौक, राय एंड कंपनी मोड़ से वापस विद्यालय में समाप्त की गई। इस दौरान आमजनों को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभी छात्र/छात्रा को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए सभी को शपथ दिलाया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में



यातायात थाना प्रभारी, देवघर माईकल कोड़ा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय, विद्यालय प्रधानाध्यापक सुशील यादव, सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक प्रविंद कुमार एवं आई0टी0 सहायक अजय कुमार, विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र/छात्रा इत्यादि उपस्थित थे।

## गाली-गलौज और मारपीट के आरोप में 14 नामजद समेत सैकड़ों अज्ञात पर मामला दर्ज

**देवघर।** जिले के रिखिया थाना क्षेत्र के बलजोरा गांव में गाली-गलौज और मारपीट की घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है। वादी नीरज कुमार (27 वर्ष), पिता - देवनारायण यादव, निवासी बलजोरा, थाना रिखिया, ने लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया कि अभियुक्तों ने उनके साथ गाली-गलौज, मारपीट की और शांति भंग करने का प्रयास किया। अभियुक्तों में हरिनारायण यादव,पिता -सुरेंद्र यादव,सुरेंद्र यादव, पिता-अविनाश यादव,धनेश्वर यादव,पिता -स्व. प्रभु यादव,कलेश्वर यादव,पिता -भक्ता महतो,जयकुमार यादव पिता-आनंदी यादव),महादेव यादव,पिता - छक्कू यादव,अशोक यादव,पिता - टेकलाल यादव,चंदन यादव,पिता-सत्यनारायण यादव,नंदू यादव,निताय यादव,पिता - स्व. खगेश्वर यादव, प्रमोद यादव,सुबोध यादव,दोनों पिता - नरेश यादव,दिनेश भोक्ता,निवासी ताराबाद,रामटहल चौधरी,समेत 10-15 अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया है। इधर थाना रिखिया ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व अभियुक्तों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## नाबालिग को भगाने का आरोप, मामला दर्ज

**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर भगाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला मोहनपुर थाना कांड संख्या 22/25 के तहत धारा 137(2)/96 बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया है। वादी, जो कि एक महिला है और मोहनपुर थाना क्षेत्र की निवासी है, ने आरोप लगाया है कि अभियुक्त धन्नजय साह,पिता - घनश्याम पोदार, निवासी थाना मोहनपुर ने उसकी नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा लिया। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी है। मोहनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग लड़की को जल्द से जल्द बरामद करने और अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

## गाली-गलौज, मारपीट और चोरी का मामला दर्ज

**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वादी ने आरोप लगाया है कि अभियुक्तों ने उनके घर में घुसकर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसके साथ ही छेड़खानी करने और घर के सामान की तोड़-फोड़ करने के बाद पैसा और अन्य सामान चोरी कर लिया। अभियुक्तों में प्रकाश मंडल,रीना देवी,हेमंत मंडल,डोली कुमारी सभी अभियुक्त एक ही गांव के निवासी हैं और मोहनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इधर पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्तों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

## पंडा धर्मरक्षिणी सभा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** पंडा धर्म रक्षिणी सभा द्वारा पूर्व घोषित स्वास्थ्य जांच शिविर तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु लगाए गए, मंगलवार को भट्टर धर्मशाला में लगाया गया। शिविर में सभा के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी का



पूर्ण सहयोग तथा मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी महोदय देवघर द्वारा भेजे गए महिला चिकित्सकों एवं महिला चिकित्सा कर्मियों तथा कार्ड निर्माण करने हेतु आए हुए कर्मचारीयो ने पूरी तत्परता और समय का सदुपयोग करते हुए शिविर में लगभग 102 लोगों का जहां आयुष्मान कार्ड बनाया. वहीं लगभग दो दर्जन महिलाओं का भी चिकित्सा परीक्षण किया गया तथा दवाइयां दी गई।

## स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, देवघर एवं आई.पी.सी.फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रेडक्रॉस भवन में दो दिवसीय किडनी सम्बन्धित स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ सब डिविजनल मजिस्ट्रेट देवघर सह



उपाध्यक्ष, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, देवघर रवि कुमार विख्यात किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ विवेकानंद झा, चेयरमैन रेडक्रॉस जितेश राजपाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार बरनवाल, द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया, तत्पश्चात कार्यकारिणी सदस्य संजय मिश्रा,सुधांशु शेखर बरनवाल,आनंद शाह,विजय प्रताप सनातन द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन रेडक्रॉस के आनंद शाह ने किया और मंच संचालन रेड रोज स्कूल के प्राचार्य राम सेवक गुंजन ने किया। वही हेल्प डेस्क पर सृष्टि वर्मा एवं साक्षी वर्मा का योगदान सराहनीय रहा। ज्ञात हो इस स्वास्थ जांच शिविर में लगभग 65 लोगों ने अपना पंजीयन कराया जिसमे 58 लोगों ने डॉक्टर विवेकानंद झा से चिकित्सकीय सलाह लिया ।

## गांवों में भी जल संरक्षण आवश्यक : नितेश

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** मंगलवार को निरंतर चल रहे जल संरक्षण संवर्धन जागरूकता अभियान में बिहारी लाल सर्राफ+2 विद्यालय रिखिया में पानी बचाओ जीवन पाओ जल संरक्षण सहयोग समिति लिमिटेड देवघर द्वारा अंतर विद्यालय प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। छात्र-



छात्राओं का जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र -छात्राओं एवं शिक्षकों -शिक्षिका ने भाग लिया। विद्यालय के 18 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता में सभी कक्षा नवम के नजला कुमारी प्रथम पुरस्कार, मुस्कान कुमारी द्वितीय स्थान एवं सोनम कुमारी को तृतीय स्थान से सम्मानित किया। शेष 15को सांत्वना पुरस्कार दिया गया जल संरक्षण के संबंध में समिति की ओर से अध्यक्ष नितेश चरण द्वारी ने गांवों में भी जल संरक्षण संवर्धन की आवश्यकता पर जोर दिया अन्यथा शहरों के जैसा जलाभाव की स्थिति हो जाएगी , समिति के कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र चरण द्वारी ने जल संरक्षण का के तरीके,सदस्य प्रह्लाद भगत,कार्य कारिणी सदस्य मोहित कुमार आदि ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुलेखा विश्वास, शिक्षकगण प्रणब,धीरेन्द्र भारती, कुमारी सुधा शाह, श्रद्धा सुमन आदि ने अपने विचार प्रकट किए।

## इंटक कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** मोहनपुर प्रखंड इंटक के प्रखंड अध्यक्ष अजयकांत ठाकुर के नेतृत्व में मोहनपुर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। उक्त सम्मान मार्च में मुख्य रूप से देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार एवं देवघर जिला



महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी शामिल हुए। सम्मान मार्च के पूर्व इंटक नेता एवं अन्य कांग्रेस जनों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मान मार्च मोहनपुर प्रखंड कार्यालय के समीप से शुरू होकर बाजार तक निकाला गया। सम्मान मार्च में अजय कांत ठाकुर,अनंत मिश्रा,अजय कुमार,प्रमिला देवी,गंगाधर रजक,पूजा देवी सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

# मधुपुर : श्री श्याम और बजरंगबली मंदिर में लाखों की चोरी, चोरों के हौसले बुलंद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** मधुपुर में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि वे अब भगवान के घर को भी नहीं बख्श रहे। बीती रात पंचमंदिर स्थित श्री श्याम मंदिर और बजरंगबली मंदिर का ताला तोड़कर अपराधियों ने करीब 20 लाख रुपये से अधिक मूल्य के चांदी के आभूषण चुरा लिए। इस चोरी की वारदात से इलाके के लोगों में भारी आक्रोश है।

मंदिर के पुजारी रामनरेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने सोमवार की रात हमेशा की तरह मंदिर बंद किया था। रात करीब 2 बजे जब वह शौच के लिए उठे तो देखा कि मंदिर के दरवाजे खुले हैं। चोर हनुमान मंदिर और श्री श्याम मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का मुकुट, माला, धनुष-बाण, छत्तर सहित अन्य बहुमूल्य आभूषण चुरा ले गए।

हनुमान मंदिर में चोरी हुए आभूषणों में चांदी का मुकुट 1 किलोग्राम,चांदी की पान पत्ता की माला 11 पीस,चांदी की माला 1 पीस श्याम मंदिर से चांदी का बड़ा और छोटा छत्तर- कुल 3 किलोग्राम,चांदी का मुकुट 1.5 किलोग्राम,चांदी का चक्रगोल 500 ग्राम चांदी के कुंडल 250 ग्राम चांदी की माला 1.25 किलोग्राम, चांदी के सिक्कों की माला 2 पीस (प्रत्येक माला में 51 सिक्के)चांदी का धनुष, तीर, तरकश 5 किलोग्राम,चांदी का नीला घोड़ा 2 किलोग्राम चांदी का भांडा 2 पीस कीमत 25,000 हजार का बहुमूल्य आभूषण चुरा ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही सुबह सैकड़ों लोग मंदिर परिसर में इकट्ठा हो गए। साथ ही राजनीतिक और गैर-राजनीतिक संगठनों ने इस घटना की तीव्र निंदा की और अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल कन्नू ने चेतावनी दी है कि यदि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो समाज के लोग बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद और इंस्पेक्टर सह मधुपुर थाना प्रभारी त्रिलोचन तमसोय सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

मौके पर डॉग स्क्वॉड और पुलिस टेक्निकल सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# पुस्तक मेला के समापन पर कवि सम्मेलन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** पुस्तक मेला के समापन पे मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि पशुपालन राज्य मंत्री सत्य पाल सिंह बघेल पुस्तक मेला में पधारे।उनको सर्व प्रथम मेला के उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह,मेला के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मेला प्रशासक सर्वेश्वर प्रसाद सिंह,स्मारिका प्रभारी सुमन वाजपेई ने पुष्प गुच्छ देकर किया।माननीय मंत्री पुस्तक मेला के सभी स्टाल का निरीक्षण भी किया और पुस्तक से संबंधित अपने विचार को की कौन कौन सी पुस्तकों का उन्होंने अध्ययन किया है चर्चा किया।राहत इंदौरी के कुछ नगमे भी उन्होंने सुनाए ।साहित्य के बारे में बताया कि साहित्य से रुचि रखने वाले में एक प्रेम होता है वो गलत राह पे कम हीं भटकता है।उन्होंने यहां स्टाल पे लगे भगैया



सिल्क की साड़ी को भी खरीदा। अपने पसंद की पुस्तके भी खरीदी। इंडियन ऑयल के गैस कनेक्शन घर घर वितरण वाले स्टॉल पे जाकर उनका भी जायजा लिया कैसे ये बचत और सुरक्षा युक्त है।यहां के सांसद डॉ निशिकांत दुबे का तारीफ करते हुए कहा कि सांसद निधि से 25 लाख की पुस्तकें खरीदना और स्कूल कॉलेज लाइब्रेरी में देना ये काफी तारीफ के काबिल है।इसके बाद मेला सचिव निर्मल कुमार ने एस पी सिंह बघेल को अंग वस्त्र मोमेंटो देकर उनका अभिवादन किया।इसके बाद पुस्तक मेला के स्मारिका का भी विमोचन उनके हाथों हुआ। जिसमें मेला के सचिव निर्मल कुमार, स्मारिका प्रभारी सुमन वाजपेई, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मीडिया प्रभारी नवीन शर्मा,बाला लखेंद्र उपस्थित थे।


## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), गोड्डा

-: आमंत्रण :-

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 26.01.2025 से 02.02.2025 तक कृषि विकास प्रदर्शनी मेला एवं गणतंत्र सप्ताह समारोह का आयोजन मेला मैदान, गोड्डा में किया गया है, जिसमें किसानों द्वारा उत्पादित प्रादर्श का प्रदर्शन, विभिन्न फसलों का प्रत्यक्षण तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

इस शुभ अवसर पर सभी कृषक बन्धु, माननीय जिला परिषद् सदस्य गण, जन प्रतिनिधि, प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रबुद्ध नागरिक सादर आमंत्रित हैं।

ह0/–
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा,गोड्डा

PR 344800 Agriculture(24-25).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका
Email:- eengbcddumka-jhr@nic.in

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–25/2024–25**

1 विज्ञापनदाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – **07.02.2025** 1:00बजे अपराहन तक।
3 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – **08.02.2025** 3:00बजे अपराहन तक।
4 मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **08.02.2025** 3:30बजे अपराहन।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (क) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय।
(ख) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
(ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – क्रमांक 5 में वर्णित स्थानों पर।
7 कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | REPAIR WORK OF COMMUNITY HEALTH CENTRE BLOCK SARAIYAHAT and OTHERS | Rs.2,49,900.00 | रू0–5,000.00 | रू0–500.00 | 15 Days |

1. नोट :– निविदा की शेष शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,दुमका

PR 344773 Building(24-25)#D



## कार्यालय नगर परिषद्, गोड्डा
### सैरात बन्दोवस्ती आमंत्रण सूचना सं0:– UDD/NPG/16/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित सैरातों की डाक बंदोवस्ती दिनांक– 07.02.2025 को अपराह्न 3:00 बजे से नगर परिषद् सभागार में Procurement Committee की बैठक में आम डाक (उच्चतम डाक) द्वारा किया जाएगा।

डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/व्यवसायी दिनांक–06.02.2025 के अपराह्न 5:00 बजे (कार्यालय अवधि) तक अपना प्रस्ताव/आवेदन (अग्रधन की राशि एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ) नगर परिशद् कार्यालय में जमा कर सकते हैं। बन्दोवस्ती हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में जमा करना आवश्यक है, जो इस कार्यालय से 1000.00 (एक हजार–Non Refundable) रूपये मात्र नगद जमा कर (पावती रसीद प्राप्त कर) दिनांक– 22.01.2025 से दिनांक–06.02.2025 तक (कार्यालय अवधि में) नगर परिषद् कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**डाक बन्दोवस्ती की जाने वाली सैरातों की सूची –**

| क्र0 | वसूली/कार्य का प्रकार | वसूली की अवधि | डाक की न्यूनतम बोली की राशि | डाक में भाग लेने हेतु सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत में प्रवेश करने वाले व्यवसायिक मोटर वाहन का प्रवेश शुल्क वसुली कार्य। | वित्तीय वर्ष–2025–2026 की अवधि दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए | — | ₹ 18,53,625.00 |
| 2. | बस स्टैण्ड गोड्डा की बन्दोवस्ती (बस स्टैण्ड परिसर का साफ–सफाई एवं जलमीनार/मुत्रालय के रखरखाव की जिम्मेवारी सहित) | वित्तीय वर्ष–2025–2026 की अवधि दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए | ₹ 13,21,000.00 | ₹ 3,30,250.00 |
| 3. | मंगलवार एवं शनिवार को लगने वाले गोड्डा हाट में अस्थायी हाट दुकानदारों से वसूली कार्य हेतु डाक बन्दावस्ती। | वित्तीय वर्ष–2025–2026 की अवधि दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए | ₹ 63,52,000.00 | ₹ 15,88,000.00 |
| 4. | गुदड़ी मार्केट की बन्दोवस्ती। | वित्तीय वर्ष–2025–2026 की अवधि दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए | ₹ 37,50,000.00 | ₹ 9,37,500.00 |
| 5. | मीट मार्केट दैनिक साफ–सफाई शुल्क वसुली। | वित्तीय वर्ष–2025–2026 की अवधि दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए | ₹ 8,55,000.00 | ₹ 2,13,750.00 |
| 6. | नगर परिषद्, गोड्डा क्षेत्रान्तर्गत भागलपुर रोड स्थित चिल्ड्रेन पार्क का रख–रखाव एवं दैनिक शुल्क वसूली कार्य। | वित्तीय वर्ष–2025–2026 की अवधि दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए | ₹ 1,11,000.00 | ₹ 27,750.00 |
| 7. | होर्डिंग विज्ञापन बन्दोवस्ती। | वित्तीय वर्ष–2025–2026 की अवधि दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए | ₹ 6,40,000.00 | ₹ 1,60,000.00 |

नोट :– 1. सुरक्षित जमा राशि का कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद्, गोड्डा के नाम से निर्गत एवं गोड्डा में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. इस निविदा सूचना से संबधित नियम शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी आवेदन के साथ प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही नगर परिषद् कार्यालय के सूचना पट अथवा विभागीय वेबसाईट www.udhd.jharkhand.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, गोड्डा।

PR 344808 Urban Development and Housing(24-25)D



## जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, देवघर।
Email Id-

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है किदेवघर जिला के नामांकित वैसे गृह रक्षक जोकिसी कारणवश अपनापुनःनामांकन नही करा पायेहैं, परन्तु वेसरकार/विभाग द्वारा निर्धारित पुनःनामांकन की सभी शर्तो को पूराकरते हैं। वैसेगृह रक्षक दिनांक–31.01.2025 तक अपने सभी दस्तावेजों के साथ जिला समादेष्टा कार्यालय,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, देवघर (बसुवाडीह,जसीडीह) में कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है।

जिला समादेष्टा,
झाखण्डगृह रक्षावाहिनी,
देवघर।

PR 344803 Deoghar(24-25)D



## कार्यालय नगर परिषद्, गोड्डा

**-: आम सूचना :-**

राज्य के नगर निकाय में पिछड़ा वर्गों के आरक्षण दिये जाने का पात्रता निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर–टु–डोर सर्वे का कार्य किया गया है। गोड्डा नगर परिषद् के डोर–टु–डोर सर्वे के उपरान्त सर्वे रिपोर्ट का गोड्डा नगर परिषद् कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं गोड्डा जिला के वेबसाईट पर प्रकाशित किया गया है। आमजनों से अनुरोध है कि प्रकाशित रिपोर्ट पर यदि कोई आपत्ति हो तो रिपोर्ट प्रकाशित होने के 07 दिनों के अन्दर गोड्डा नगर परिषद् के शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें ताकि आपत्ति का ससमय निवारण किया जा सके।

शिकायत निवारण पदाधिकारी
–सह–प्रशासक,
नगर परिषद, गोड्डा

PR 344758 (Urban Development and Housing)24-25*D



## नगर परिषद कार्यालय, मधुपुर
### आम सूचना

नगर परिशद, मधुपुर शहरी क्षेत्रान्तर्गत टोटो के संचालन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। टोटो चालक अव्यवस्थित तरीके से इधर–उधर टोटो को खड़ा कर देते हैं। इस कारण शहरी यातायात में असुविधा हो रही है। टोटो को शहरी क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से परिचालन हेतु नगर परिशद, मधुपुर द्वारा टोटो को क्रमांक संख्या उपलब्ध कराया जाना है तथा उसके लिए टोटो स्टैण्ड की व्यवस्था की जानी है। इस हेतु नगर परिशद, मधुपुर में संचालित तमाम टोटो चालकों को आदेशित किया जाता है कि अपने टोटो क्रय से संबंधित कागजात, अपना आधार कार्ड, जो स्वयं अभिप्रमाणित हो, की छायाप्रति एवं वर्तमान का दो पासपोर्ट साईज फोटो, अपना चालू मोबाईल नंबर एवं 50 रू० शुल्क के साथ नगर परिषद कार्यालय, मधुपुर में CLTC श्री राजेन्द्र कुमार एवं कनीय अभियन्ता श्री राजेन्द्र बास्की, श्री सोनू संजीव हांसदा एवं श्री शिवम केसरवानी के पास आवेदन के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

आवेदन प्रारूप कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह०/–
प्रशासक,
नगर परिशद, मधुपुर।

PR 344834 Deoghar(24-25)D



## झारखंड शिक्षा परियोजना
### समग्र शिक्षा, दुमका

**आम सूचना**

दिनांक 29.01.2025 को झारखंड शिक्षा परियोजना, दुमका के परिसर में पुस्तक मेला का आयोजन किया जाना है। इस हेतु अनुभवी संस्थान, प्रतिष्ठान आदि मेला में स्वतंत्र रूप से भाग ले सकते हैं।

अतः इच्छुक अनुभवी संस्थान, प्रतिष्ठान उक्त मेला में अपना–अपना स्टॉल लगाने हेतु दिनांक 25.01.2025 के अपराहन् 05.00 बजे तक झारखंड शिक्षा परियोजना, दुमका, खुटाबांध कार्यालय में अपनी सहमति पत्र दे सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन को रद्द समझा जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
दुमका

PR 344812 ( Human Resource Developement) 24-25 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–20/2024–25

1. विभाग का नामः– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापन दाता का नामः– कार्यपालक अभियंता , पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या–1 दुमका
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः– 31.01.2025 को 5.00 अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 01.02.2025 को 12.30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– 03.02.2025 को 11.00 बजे अपराह्न। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या–1 दुमका । सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल दुमका–01। सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल काठीकुण्ड।
7. निविदा प्राप्ति का स्थानः– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या–1 दुमका ।
8. कार्य की विवरणीः–

| क0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | योजना की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोपीकान्दर | गोपीकान्दर | ग्राम खेड़ीबाड़ी में सत्य शिक्षानन्द मुर्मू के घर के पास पुराना चापाकल में जलमीनार निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-01 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 2 | काठीकुण्ड | बड़ाचापुड़िया | ग्राम कठलडीह में मुंशी किस्कु घर के पास चापाकल से जलापूर्ति योजना निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-02 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 3 | काठीकुण्ड | धावाडंगाल | ग्राम छोटा फुलझिंझरी सुरेश सोरेन के घर के पास चापाकल से जलापूर्ति योजना निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-03 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 4 | रानेश्वर | कुमिरदाहा | ग्राम महेशबथान मोड़ में बजरंगबली मंदिर के सामने जलापूर्ति योजना। | 01 अदद | ZP/Tied-04 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 5 | रानेश्वर | मोहुलबना | ग्राम मोहुलबना सिकंदर हेम्ब्रम घर के सामने चापाकल में जलमीनार निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-05 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 6 | रानेश्वर | मोहुलबना | ग्राम मोहुलबना शम्भु मोहली घर के सामने चापाकल के पास जलमीनार निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-06 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 7 | शिकारीपाड़ा | मुड़ायाम | ग्राम गुजीसिमल सड़क टोला सुरेन्द्र मरांडी के पास जलमीनार निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-07 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 8 | शिकारीपाड़ा | खाड़ुकदमा | ग्राम प्रतापपुर हिसाक टोला में जलमीनार निर्माण | 01 अदद | ZP/Tied-08 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 9 | शिकारीपाड़ा | पलासी | ग्राम राजबांध बावरीपाड़ा में जलमीनार निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-09 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 10 | शिकारीपाड़ा | पलासी | ग्राम राजबांध मोचीपाड़ा में जलमीनार निर्माण | 01 अदद | ZP/Tied-10 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 11 | शिकारीपाड़ा | शहरपुर | ग्राम देवदाहा में जलमीनार निर्माण। | 01 अदद | ZP/Tied-11 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 12 | शिकारीपाड़ा | चितरगड़िया | ग्राम आसनबनी में जलमीनार निर्माण । | 01 अदद | ZP/Tied-12 | 359100.00 | 7200.00 | 750.00 | 30 दिन |

निविदा परिमाण विपत्र सहित विभागीय वेबसाईट www.dwsd.jharkhand.gov.in पर Upload रहेगा। इच्छुक संवेदक परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट से Download कर निविदा में भाग ले सकते है। संवेदक निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मुल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगें, जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका को भुगतेय होगा। निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता हैं।

(संजय कुमार)
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1,दुमका

PR 344811 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

# निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें सभी योजनाएं : डीसी



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में मेहरमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास एवं मनरेगा योजना की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।इस दौरान प्रधानमंत्री आवास एवं विरसा आवास योजना के सभी लाभूकों का आधार सीडिंग करने, आवास निर्माण कार्य में तेजी लाकर सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण करने, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने, पंचायतों में संचालित डोभा निर्माण, कूप निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण तथा पोटो हो खेल मैदान निर्माण सहित अन्य योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपविकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेहरमा, अविनव कुमार संजीव कुमार जिला समन्वयक पीएमएवाई-जी, निशि कुमार मिस नोडल मनरेगा सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

# डीएमएफटी से किए जा रहे विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के समक्ष डीएमएफटी से संचालित विकास योजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त के द्वारा सभी योजनाओं की क्रमवार समीक्षा करते हुए प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य करने, पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार सहित सभी संचालित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने, कार्यकारी एजेंसी को पूर्णता और उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करने तथा सभी पदाधिकारियों को योजना स्थल का निरीक्षण कर अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। मौके उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, डीएमएफटी के टीम लीड अनिक कुमार सिंह, डीएमएफटी के प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रणव कुमार, डीएमएफटी के सिविल इंजीनियर अब्दुल्लाह सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**जामताड़ा।** नेहरू युवा केंद्र जामताड़ा के तत्वाधान में मंगलवार को कुंडहित प्रखंड के शूद्रक्षिपुर फुटबॉल मैदान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे फुटबॉल,कब्बडी, एथलेटिक्स और 400 मीटर रेस और 200 मीटर रेस में सभी बालक और बालिका वर्ग के खिलाडियों ने भाग लिया। वही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का आरंभ किया। फुटबॉल के फ़ाइनल मैच हैप्पी क्लब राजबेरा और टाइगर क्लब शूद्रक्षीपुर के बीच खेला गया। जिसमे विजेता हैप्पी क्लब राजबेरा हुआ। वही उपविजेता टाइगर क्लब शूद्रक्षीपुर रहे और 400 मीटर रेस में प्रथम अख़य मंडल, द्वितीय देवशीष मुर्मू और तीसरे स्थान में इंद्रजीत मंडल रहे। वही 200 मीटर रेस में प्रथम अंजनी मुर्मू,द्वितीय पुर्मिला टुडू एवं तीसरे स्थान में जिमली टुडू विजेता रहे वही कब्बडी मे प्रथम एस.आर.आदिवासी क्लब और दूसरे स्थान मे जी.आर. आदिवासी क्लब राजकपरा रहे। सभी विजेता और उपविजेता खिलाडियों को अतिथियों ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि धवनदास मंडल ने खिलाडियों का मनोबल बढ़या और नेहरू युवा केन्द्र के उदय कुमार सिंह ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरु युवा केंद्र द्वारा हर वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर खिलाडियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाता है। मौके पर उपस्थित धनंजय गोप, आशीष बाउरी, अभिजीत मंडल, मिथुन महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मेला के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की बैठक

संवाददाता नाला( जामताड़ा)-- नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर 22 जनवरी को आयोजित होने वाली प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने अपने सभी कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने मेला के सफल आयोजन को लेकर सभी स्वास्थ्य कर्मियों एवं विभाग के पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मालूम हो कि मेले में कुल 21 स्टॉल लगाए जाएंगे। इस दौरान बताया गया कि मेले के विभिन्न शिविर में सामान्य चिकित्सा, ई एन टी (आंख, कान, गला),पोषण के लिए परार्मश,बाल स्वास्थ्य, मोतियाबिंद जांच, कुष्ठ नियंत्रण, संचारी एवं गैर संचारी रोग, मातृत्व स्वास्थ्य, दाँत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श, मलेरिया, उपलब्धता अनुसार उचित दवा,मानसिक स्वास्थ्य,कैंसर नियंत्रण जागरूकता, टीकाकरण, डिजिटल हेल्थ कार्ड बनाने आदि की स्टॉल तथा निःशुल्क जांच के साथ ही दवा दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने आवश्यकतानुसार मेडिकल टीम एएनएम, सीएचओ, स्टाफ नर्स आदि की प्रतिनियुक्ति एवं पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने मेले के सफल आयोजन को लेकर सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों एवं चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने अपने स्टॉल में ससमय उपस्थित होकर मेले में आगंतुक आम जनों को मेले में उपलब्ध सारी सुविधाओं को उपलब्ध कराने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।उन्होंने सिविल सर्जन के निर्देश के आलोक में विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल चिकित्सक डॉक्टर रामकृष्ण बाबू, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू,स्वास्थ्य प्रशिक्षक निरंजन दास, एमटीएस अहमद रजा परवेज, लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा, प्रधान लिपिक श्यामभर सिंह, फिल्ड मॉनिटर शशिभूषण कुमार, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार टुडू,एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल, बबलु पाल,राजकुमार पाल,लेब टेक्नीशियन मोहसीन आलम सहित अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# बी डिविजन क्रिकेट लीग युवा लायंस क्रिकेट क्लब ने रोहिनॉस क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से किया पराजित

संवाददाता

**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में बी- डिविजन क्रिकेट लीग मैच के दूसरे दिन मंगलवार को परसोती मैदान में खेला गया। जहां पहली पाली के मैच में रोहिनॉस क्रिकेट क्लब ने 13.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 69 रन बनाए। बल्लेबाजी में मेराज आलम ने 22 रन एवम अब्दुल मुकातदीर ने 13 रन बनाए। वहीं जितेंद्र कुमार ने 4 एवम रौशन कुमार ने 3 विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए युवा लायंस क्रिकेट क्लब ने 7.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर मैच को 8 विकेट से जीत लिया। वहीं बल्लेबाजी में संदीप कुमार ने 37 रन एवम जितेंद्र कुमार ने 22 रन बनाए, वहीं नवाज ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच जितेंद्र कुमार को दिया गया।



# नोडल पदाधिकारी ने टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स के साथ टूरिस्ट ट्रेड रजिस्टेशन को लेकर की बैठक



**गोड्डा ।** जिला खेल पदाधिकारी सह जिला पर्यटन (नोडल) पदाधिकारी, डॉ0 प्राण महतो की अध्यक्षता में टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स के साथ टूरिस्ट ट्रेड रजिस्टेशन को लेकर बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि झारखण्ड पर्यटन विकास और पंजीकरण अधिनियम 2015 के अन्तर्गत झारखण्ड सरकार, पर्यटन और यात्रा से संबंधित व्यवसयों के पंजीकरण से संबंधित अनिवार्यता के बारे में बताया गया। टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स अपने ट्रेड का पंजीकरण के लिए विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाईन अप्लाई कर सकते है। बैठक में जिला पर्यटन विशेषज्ञ, आलोक कुमार, रितेश कुमार ठाकुर (विलेज पाम रिसोर्ट), मेहबुब अली (होटल राजदरबार), बिकरेश कुमार (संजीवनी होटल एवं रिसोर्ट), मंटू जी (तुस्ताया इन), डब्लू कुमार (स्काई ब्लू होटल) के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# पार्टी स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**फतेहपुर,(जामताड़ा)।** फतेहपुर सालबागान मैदान में झामुमो प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो की अध्यक्षता में हुई। दो फरवरी को पार्टी का स्थापना दिवस पर मनाए जाने के साथ साथ गणतंत्र दिवस की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में विगत विधानसभा चुनाव में प्रखंड की 15 पंचायतों में चुनाव परिणामों की समीक्षा की गयी। झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने एवं संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने कहा कि बैठक में गणतंत्र दिवस तथा झारखंड दिवस मनाने के लेकर चर्चा की गयी। कहा कि झारखंड दिवस के दिन सभी कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे। चौक चौराहों में तोरण द्वार बनाया जायेगा। कहा कि इस बार फतेहपुर प्रखंड से सैकड़ों छोटे बड़े गाड़ियों में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता दुमका पहुंचेंगे। मौके पर जिला सचिव परेश यादव, फतेहपुर प्रमुख अरविंद कुमार मुर्मू, प्रखंड सचिव वकील सोरेन, असीम मंडल, नरेश मुर्मू, कामेश मंडल, विनय चौधरी आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं के बदौलत ही नाला विधानसभा से झामुमो की हैट्रिक जीत हासिल हो पाई हैं। बैठक में प्रखंड कार्यालय में हो रही मनमानी को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश को देखते हुए स्थापना दिवस के बाद जल्द बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया तथा वक्ताओं ने कहा कि किसी भी हालत में कार्यकर्ताओं का मनौवल गिरने नहीं दिया जाएगा। कार्यकर्ता पार्टी के लिए सर्वमान्य है। बैठक में हिदायत मियां, जयधन यादव, इम्तियाज अंसारी, दानीनाथ महतो, अजीत यादव, मनोज चौधरी, अजीत राणा, बिक्रम सिंह, अशोक यादव, अभिमन्यु चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समारोह के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



**गोड्डा ।** गणतंत्र दिवस क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समारोह के सफल आयोजन को लेकर सोमवार की संध्या अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में सोमवार को द्वितीय बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो के अलावा जिले के खेल से जुड़े सभी अधिकारी एवं सदस्यगण व सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। वहीं सभी खेल सचिवों एवं सांस्कृतिक समिति के सदस्यों का अभिवादन किया गया तथा बीते 13 जनवरी को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही समीक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाया गया तथा 22 जनवरी से प्रारंभ हो रहे खेलों के संबंध में पुनः विमर्श किया गया। इस दौरान बैडमिटन गैम की भी समीक्षा की गई, समीक्षा के क्रम में बैडमिंटन गेम के सचिव अनुपस्थित पाये गये। वहीं 13 जनवरी को हुई पहली बैठक में भी सचिव उपस्थित नहीं हुए थे। जिस कारण बैडमिंटन गैम कराने का निर्णय नहीं लिया गया। वहीं प्रियव्रत प्रमेश द्वारा बताया गया कि खेल-कूद से संबंधित प्रमाण पत्र एवं पम्पलेट की छपाई हो गया है तथा अनुमंडल गोपनीय शाखा, गोड्डा में उपलब्ध करा दिया गया है।वहीं बैठक इंडोर स्टेडियम में बिजली एवं पानी की उपलब्धता के संबंध में उपस्थित नगर मिशन प्रबंधक को बिजली एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी, डॉ0 प्राण महतो के द्वारा कहा गया कि इक्यूपमेंट की व्यवस्था खेल सचिव को ही करना है।

# डीवीसी के एथलीटों ने भुवनेश्वर में आईपीसीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट में जीते कई पदक



**चित्तरंजन।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 17 और 18 जनवरी 2024 को आयोजित आईपीसीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट में डीवीसी के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। इस टूर्नामेंट में डीवीसी के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्टता से सभी को चौंका दिया। डीवीसी माईथन की प्रणमिता चंद्र ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 400 मीटर दौड़ में रजत पदक और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी सफलता कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। डीवीसी सीटीपीएस की पुनम कुमारी ने शॉटपुट में स्वर्ण और जेवेलिन थ्रो में कांस्य पदक जीते। उनका यह प्रदर्शन उनकी तकनीकी निपुणता को दर्शाता है।साथ ही, डीवीसी के पुरुष और महिला रिले टीमों ने भी कांस्य पदक जीतकर टीमवर्क और समर्पण का आदर्श प्रस्तुत किया। यह टूर्नामेंट डीवीसी के एथलीटों के लिए गर्व का अवसर था, जिन्होंने अपनी क्षमता से संस्थान का नाम रोशन किया और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए एक प्रेरणा प्रस्तुत की।

# छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद तथा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**संवाददाता नाला** (जामताड़ा)-- उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय के निर्देश के आलोक में मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत में स्थित सामुदायिक पुस्तकालयों में वाद विवाद तथा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई7 इस दौरान टेसजुरिया,मड़ालो, भंडारबेड़ा ,फुटबेड़िया,दलाबड़ आदि पंचायतों में छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भंडारबेड़ा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मसीहुर रहमान लाईब्रेरियन ने की। वहीं मड़ालो आदि जगहों में कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआरपी परिमल मंडल ने किया7 वही भंडार बेड़ा में सीआरपी परेश मंडल की उपस्थिति में प्रतियोगिता कराई गई 7 नाला सीआरपी के द्वारा बताया गया कि यह प्रतियोगिता गणतंत्र दिवस उपलक्ष्य पर आयोजित की जा रही है और इसमें अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को नाला प्रखंड विकास पदाधिकारी के सामने प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर मड़ालो में कल्याण गण, चित्रा मंडल, जीवन सोरेन ,आदेश सिंह ,तपन कुमार पटनायक, माधव दास, किशोर साधु तथा भंडार बेड़ा पुस्तकालय में ताजेमूल हक़, प्रफुल्ल कुमार विद ,धनंजय मुर्मू ,असगर अली छात्राएं उपस्थित थे7

# प्रख्यात शिक्षाविद राजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**गोड्डा ।** प्रख्यात शिक्षाविद राजेन्द्र नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर स्थानीय टीचर्स कालोनी स्थित आवास पर शिक्षाविदों की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षाविद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया एवं उनके बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर पुत्र पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के उप निदेशक शिशिर कुमार सिंह , समाजसेवी भूषण ठाकुर आदि ने बताया कि राजेन्द्र नारायण सिंह वर्तमान समाज के लिए अनुकरणीय हैं। आजादी के बाद से उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र महेशपुर, बसंतराय, गोड्डा, पोड़ैयाहाट क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाया। उनके द्वारा पढ़ाए गए छात्र आज भी देश व समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। सेवा निवृत्त शिक्षक दिलीप कुमार झा ने कहा कि शिक्षा जगत के अमूल्य धरोहर थे राजेन्द्र बाबू । ऐसा शिक्षक आज दुर्लभ है। गरीब परिवार के बच्चों को उन्होंने आजादी के बाद से ही जिस प्रकार शिक्षा देकर सही नागरिक बनाने का काम किया है वह काबिल ए तारीफ है। इसके अलावा प्रो. कलानंद ठाकुर, समीनर नंदन सिंह, विनोद कुमार, सत्येन्द्र कुमार सिंह, उज्वल मिंज, सुमित उरांव सहित स्वजन उपस्थित थे।

# सुचेतना सांस्कृतिक संस्था का वार्षिक गीत मेला- संगीत और कला का संगम




**चित्तरंजन।** रूपनारायणपुर स्थित सुचेतना सांस्कृतिक संस्था द्वारा द्वितीय वार्षिक गीत मेला का आयोजन किया गया। यह भव्य संगीत कार्यक्रम हिदुस्तान केबल्स श्रमिक मंच पर आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और मंजुश्री सरकार के गीत से हुई। इसके बाद ऐकतान दल ने अपनी गीतों की धारा प्रवाहित की। पहले भाग में सुर और बाणि के प्रशिक्षक इतु दास, संगीत शिक्षक देवब्रत भट्टाचार्य, तबला विशेषज्ञ तपन विश्वास, लोकगीत गायक अनिर्वाण दासगुप्ता और युवा गायिका शुभान्विता डे जैसे प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से ओस्ताद ज़ाकिर हुसैन के छात्र विश्वदेव चक्रवर्ती के तबला वादन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरे भाग में रवींद्र संगीत गायिका शाश्वती पाल, आधुनिक गायक पार्थ पाल और गुरुकुल संगीत आश्रम के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध गायक स्वरूप पाल के गायन से हुआ। इस शानदार आयोजन ने सुचेतना संस्था की कला के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया।

# ग्रामीणों के सहमति नहीं होने पर सोराकी आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका पद का चयन नहीं हो सका

कुंडहित (जामताड़ा)पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार मंगलवार को कुंडहित प्रखंड के सोराकी आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया था । ग्राम सभा में निर्धारित समय पर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जमाले रजा एंव महिला पर्यवेक्षिका सबीना हेंम्बरम ,निर्मला हेंम्बरम एंव लता प्रीति किस्कू , एएनएम, शिक्षक एंव मुखिया बिमला हांसदा पहुचे थे। ग्राम सभा को लेकर महिला पर्यवेक्षिका द्वारा सरकार द्वारा जारी नियमावली को पढ़ कर सुनाया पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया हम लोग जिसको सेविका पद के लिए चयन करके देंगे उसी को सेविका पद पर चयन करना है। अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाने के बाद भी ग्रामीणों ने बात को लेकर आड़े रहे । जिस कारण सोराकी आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका पद के लिए लाभार्थी का चयन नहीं हो सका। अंत में ग्रामसभा को रद्द कर अधिकारी वहां से चलते बने।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल



**मिहिजाम।** नयाडीह पंचायत के ठकुरायडीह और कसियाटांड़ के रघुनाथपुर में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के प्रतिनिधि के रूप में अजहरुद्दीन ने भाग लिया। इस मौके पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।अपने संबोधन में अजहरुद्दीन ने युवाओं से नशे और शराब से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा, नशा जीवन को अंधकार में डालता है, जबकि समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी सकारात्मक बदलाव लाती है। अजहरुद्दीन ने मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा, राज्य में हो रहे विकास कार्यों का लाभ उठाएं और हेमंत सोरेन सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हों। महिलाएं सशक्त हो रही हैं, और समाज में खुशहाली आ रही है। कार्यक्रम में युवाओं, ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अजहरुद्दीन ने सरकार की योजनाओं के लाभ को साझा करते हुए सभी से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर बीरबल अंसारी, श्याम मरांडी, नागेश्वर मंडल सहित अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित थे।

# झामुमो जिला समिति की बैठक में 13 सदस्यीय संयोजक मंडली का हुआ गठन



**गोड्डा ।** पीरपैंती रोड स्थित राजकचहरी पोखर के समीप सिंह प्लाजा में मंगलवार को जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के संयोजक मंडली की बैठक आहूत की गई। जहां सभी जिला से लेकर पंचायत इकाई भंग किए जाने के बाद नए सत्र की सदस्यता अभियान चलने एवं नए कमिटी गठन की केंद्रीय कमिटी की अनुशंसा के लिए 13 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया। जिसके लिए संयोजक मंडली प्रमुख बासुदेव सोरेन, सदस्य राजेश मंडल, घनश्याम यादव, प्रेमनंदन कुमार, मोती राम मुर्मू, कौशलेंद्र टुडू, राजेंद्र दास, मुन्ना खुर्शीद, चंदन हेंब्रम, इंद्रजीत पंडित, अजय कुमार देवा, बिनोद मुर्मू, ललिता झा को नियुक्त किया गया है। संयोजक मंडली प्रमुख बासुदेव सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नए सत्र के लिए 18 जनवरी से 28 फरवरी तक युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चला कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूरे प्रदेश में 50 लाख नए सदस्य बनाने के लक्ष्य के तहत एक लाख सदस्य बनाने का निर्णय लिया। जिला झामुमो संयोजक मंडली ने सदस्यता अभियान को युद्ध स्तर पर चलने के लिए जिले के नौ प्रखंड और दो नगर इकाई का संयोजक मंडली 11 सदस्यीय सक्रिय कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया। साथ ही जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरूआत जिला मुख्यालय के कारगिल चौक अवस्थित सिद्धू कान्हू प्रतिमा स्थल से दिनांक 23 जनवरी 2025 को शुरू किया जाएगा। सभी जिला झामुमो संयोजक मंडली ने विशेष रूप से अहम फैसला लेने के लिए संयोजक प्रमुख बासुदेव सोरेन को अधिकृत किया गया। तत्पश्चात्य बैठक समाप्ति घोषणा की गई। उक्त बैठक में सभी तेरह सदस्यीय संयोजक मंडली सदस्य के साथ बालमुकुंद महतो, फिरदौस आलम एवं श्यामल रामदास उपस्थित थे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के आरोपित को 20 साल की सजा

**गोड्डा ।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के आरोपित को 20 साल की सजा सुनाई गई है। हनवारा थाना में दर्ज मामले में 11 माह बाद कोर्ट का फैसला आया है। इसमें आरोपित बिहार के सीतामढ़ी जिले के ननकारा विशंभरपुर का निवासी मो शहाबुद्दीन को विशेष न्यायाधीश पोक्सो सह जिला जज प्रथम पवन कुमार के न्यायालय ने मंगलवार को सजा सुनाई। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और दुष्कर्म का वीडिओ बनाकर उसे वायरल करने के आरोपित मो शहाबुद्दिन अंसारी को दोषी पाकर पोक्सो एक्ट में 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1,50,000 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई गई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया गया। जबकि अपराध से जुड़े वीडियो का इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने पर पोक्सो एक्ट की दूसरी धारा में तीन वर्ष कारावास एवं 10,000 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई गई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। आइटी एक्ट में दो वर्ष की सजा सुनाई गई। सभी सजा साथ- साथ चलेगी। मामले को लेकर न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर से आठ गवाहों का परीक्षण कराया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने सुजा सुनाई। जुर्माना की राशि पीड़िता के पुनर्वास के लिए भुगतान करने आदेश कोर्ट ने दिया है। वहीं पीड़िता के लिए मुआवजा के तौर पर आर्थिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को कोर्ट ने आदेश दिया है। निर्णय की एक प्रति विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को दी गई है।

# टेसजुड़िया पंचायत में पुलिस पब्लिक तथा जनप्रतिनिधि की कोऑर्डिनेशन बैठक

**संवाददाता नाला( जामताड़ा)।** जामताड़ा जिले में पुलिस प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए एक अनोखी पहल की गई है। जामताड़ा एसपी डॉक्टर एहतेशाम वकारीब के निर्देश पर प्रत्येक पंचायत में पुलिस प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है।इसी संदर्भ में मंगलवार को नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा की देखरेख में एसआई हेमकांत ठाकुर ने टेसजुरिया पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में टेसजुड़िया पंचायत के मुखिया चुनाई किस्कू सहित कई अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक के दौरान एसआई हेमकांत ठाकुर ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व कोई घटना घटाता है, तो उन्हें तुरंत थाना को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग मिलने पर पुलिस प्रशासन का काम और भी प्रभावी हो सकता है।इस बैठक में असगर अली, प्रबोध कुमार माजी, अकीबूल अली आदि मौजूद थे7

# रसोईया संयोजिका यूनियन की बैठक, 28 जनवरी को धरना प्रदर्शन की तैयारी




**जामताड़ा।** झारखंड राज्य रसोईया संयोजिका यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक फुलजोरी में सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में 28 जनवरी को होने वाले धरना प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र के करीब दर्जनों विद्यालयों से प्रतिनिधि उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी समस्याओं को सीटू राज्य कमेटी सदस्य लखन लाल मंडल के सामने रखा। बैठक में तय किया गया कि 28 जनवरी को जामताड़ा के उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। रसोईया संयोजिका यूनियन के सभी सदस्य 28 जनवरी को जामताड़ा के परिषद भवन के समक्ष दोपहर 2ः00 बजे पहुंचेंगे। इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष मदीना बीवी और जिला यूनियन लीडर मोहन मंडल ने मार्गदर्शन प्रदान किया और बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से सुमित्रा देवी, अंगूरा देवी, बीना देवी, पूर्णिमा देवी, सरस्वती टुडू, गलवान हेंब्रम, पार्वती मरांडी, बसंती सोरेन, रमेश पंडित, जगत राय, गुणधार मंडल और महाकाल मुर्मू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

# सरकार स्वास्थ्य को लेकर चिंतित, इसलिए करा रही सभी का बीमा : प्रदीप यादव

## हंसडीहा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में जल्द खुलेगा ट्रामा सेंटर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट।** सरकार स्वास्थ को लेकर चिंतित, इसलिए करा रही सभी का बीमा करा रही है। उक्त बातें मंगलवार को सरैयाहाट में आयोजित स्वास्थ्य मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने कही। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। पहले हैजा, डायरिया, मलेरिया, कालाजार, चेचक से जानमाल का काफी नुकसान होता था लेकिन अभी स्थिति काफी बेहतर है। कोरोना काल में झारखंड स्वास्थ्य विभाग ने बेहतर कार्य किया। हंसडीहा में आय दिन दुर्घटना होती है। लेकिन वहां ट्रामा सेंटर नहीं है, सुविधा नहीं रहने की वजह से लोगों की जान जा रही है। इसलिए वे प्रयास कर रहे हैं कि जल्द ही हंसडीहा में ट्रामा सेंटर खुले। प्रदीप यादव ने कहा कि दुर्घटना के ज्यादातर मामलों में शराब का सेवन देखने को मिलता है इसलिए सभी से अनुरोध है कि ड्रिंक एंड ड्राइव से बचें। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतें से वह भी चिंतित है। लोग आज लापरवाह होते जा रहे, स्वास्थ्य जांच कोई नहीं करवा रहे है इसलिए सभी से आग्रह है कि समय समय पर स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। बीमारी नहीं छिपाए, जब भी किसी बीमारी का पता चले जागरूक हो कर चिकित्सक से परामर्श ले। सरकार स्वास्थ को लेकर चिंतित हैं। विशेष बीमारी को लेकर सरकार की अलग से योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। पूरे देश में अस्पताल चिन्हित है जहां राज्य के नागरिकों के ईलाज का खर्च सरकार उठा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जीवन का बहुमूल्य चीज है। अगर स्वास्थ्य गया तो जीवन का आधा चक्र खत्म हो गया।

------------------------

**स्वास्थ्य शिविर सह मेले में 622 मरीजों की हुई जांच।**

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट स्थित पल्स टू उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 622 लोगों ने शिवर में बने विभिन्न स्टालों में जांच कराया। जिनमें 130 लोगों आंख जांच कराया, आंख के मरीजों को जरूरत के हिसाब से चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। 56 का आयुष्मान कार्ड, शिशु स्वास्थ्य 30, एएनसी 55, परिवार नियोजन 110, किशोर किशोरी स्वास्थ्य 87, बीपी सुगर जांच 165, दांत जांच 19 और आयुष से संबंधित 35 मामलें शामिल हैं।

# अपनी मांगों को लेकर 57 दिन भी जारी रही शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की हड़ताल

## कर्मचारियों के प्रति विवि प्रशासन की संवेदनहीनता दुर्भाग्यपूर्ण : परिमल कुंदन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका एवं अंतर्गत सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकेतर कर्मचारियों के हड़ताल 57 दिन हो गए किंतु गतिरोध अबतक कायम है। इस विश्वविद्यालय के स्थापना काल से अबतक ऐसे कुलपति की कर्मचारियों ने कल्पना नहीं की थी। आज विश्वविद्यालय में पदाधिकारी एवं कर्मचारी के बीच सौहार्द का संबंध समाप्त होता दिख रहा है। वर्तमान कुलपति को कर्मचारियों के प्रति जरा भी सहानुभूति नहीं है। महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि कर्मचारी पिछले 57 दिनों से बिना वेतन के अपने जायज मांग पर हड़ताल पर रह कर अपने वेतन निर्धारण के लिए सक्रिय हैं किन्तु विश्वविद्यालय प्रशासन को कर्मचारियों की तकलीफ नजर नहीं आती है। श्री मिर्धा ने काफी आक्रोशित हो कर कहा कि ताला तुड़वाने में विश्वविद्यालय प्रशासन ने जो तत्परता दिखलाई है उतनी तत्परता अगर कुलपति ने हमारे वेतन निर्धारण पर दिखाई होती तो शायद आज हड़ताल करने की नौबत नहीं आती। वर्तमान कुलपति सिर्फ परीक्षा कार्य पर ही केंद्रित है।

नेतलाल मिर्धा ने बताया कि जब कर्मचारियों ने कुलपति से अनुरोध किया कि उच्च शिक्षा निदेशालय के सचिव से मिलने रांची जाएं तो उन्होंने साफ तौर पर इंकार कर दिया। ना तो वो आंतरिक स्त्रोत से सातवें वेतन के भुगतान के लिए तैयार हैं और ना ही उच्च शिक्षा निदेशालय में सचिव महोदय से वेतन निर्धारण को लेकर वार्ता के लिए तैयार हैं।अब ऐसे संवेदनहीन कुलपति से हम कर्मचारी क्या उम्मीद रखें?

महासंघ के अध्यक्ष परिमल कुंदन ने बताया कि कर्मचारियों के वेतन निर्धारण को लेकर पिछले 5 दिनों से वो उच्च शिक्षा निदेशालय में रहकर सभी कर्मचारियों के कागजातों को समर्पित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कागजातों की गहन जांच निदेशालय के 2 अंकेक्षक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया की जो गति है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि सभी कर्मचारियों के वेतन निर्धारण में अभी महीनों लगेंगे।

## एबीवीपी कार्यालय में बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** छात्रों के बीच खेल और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका की ओर से आयोजित खेलो भारत कुंभ के तहत एबीवीपी कार्यालय दुमका परिसर में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के बीच खेल भावना, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने के लिए किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन अतिथि दशरथ महतो दुमका लाइव न्यूज़, नितेश कुमार न्यूज़18, रवि कुमार एबीवीपी पूर्व कार्यकर्ता, डॉ जितेंद्र झा, डॉ कुमार, प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन, स्वाती राज, नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता प्रमुख सदस्यों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने किया। उन्होंने छात्रों को खेल के महत्व और उनके शारीरिक और मानसिक विकास में योगदान के बारे में बताया। प्रतियोगिता में 14 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। सभी मैच अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। विजेता टीम चंद्रशेखर कुमार ,आर्यन कुमार और उपविजेता टीम सनत पंडित, आयुष कुमार,दुमका को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कलश शोभायात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ शुरू



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी।** जरमुंडी प्रखंड के बनवारा ग्राम पंचायत अंतर्गत बांधडीह में मंगलवार को कलश शोभायात्रा निकालकर विराट पांच कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्त्री पुरूष कलश शोभायात्रा में शामिल हुए। धर्म ध्वज के साथ मुख्य यजमान शोभायात्रा के आगे चल रहे थे और गाजे बाजे के साथ 251 श्रद्धालु महिलाएं कलश भरकर शोभायात्रा में साथ साथ चल रही थीं। गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर महिलाओं द्वारा लाए गए पवित्र कलश को यज्ञशाला में स्थापित किया गया। गायत्री महायज्ञ समिति के सदस्य और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता भादो मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिवसीय आयोजन में शक्ति संवर्द्धन हेतु दिवाकालीन सत्र में पांच कुंडीय हवन कार्यक्रम तथा रात्रिकालीन सत्र में ज्ञान संवर्द्धन हेतु धार्मिक प्रवचन आयोजित होगा।

# नूनबिल मेला में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## गर्म जलकुंड में स्नान व नूनबिल थान में नमक बताशा चढ़ाने के लिए उमड़ी भीड़





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नूनबिल मेला के सातवें दिन मंगलवार को ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। यहां गर्म जलकुंड में स्नान व नूनबिल थान में नमक बताशा चढ़ाने के लिए प्रातः से ही श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। वहीं मेले में झूला, मौत का कुंआ,रिकार्डिंग डान्स,मिक्की माउस, निशानेबाज,स्टूडियो जैसे दुकानों में खास आकर्षण है। लोहे की सामग्री वाली दुकान व शिकारीपाड़ा पागदहा से पहुंचे काली पत्थर से निर्मित विभिन्न प्रकार के सामग्रियों के दुकान मेले का आकर्षण बढ़ा रही है। दुकानदार यहां दिया से लेकर चक्की,थाली, ग्लास, कटोरी, मुशल, भगवान की विभिन्न प्रकार पत्थरों से तराशी गयी मूर्तियां, सिलबट्टा,शंख आदि लोगों को आकर्षित कर रही है। कारीगर तपेश कुमार दास ने बताया कि लोग पहले के जैसे आज इन चीजों का ज्यादा अहमियत नहीं दे रहे हैं। इसका कारण समय का अभाव बताकर आर्टिफिशियल सामानों को घर लाते हैं। सिलबट्टा के जगह आज मिक्स ग्रैंडर ने ले लिया है। बटन दबाते झटपट पीस जाती है। लेकिन लोगों को यह मालूम नहीं है कि इन पत्थर से पीसे चीजों से बनी खाद्य सामग्री कितना शुद्ध होता है। इसे खाने से जहां एक ओर शुद्धता की गारंटी रहती है तो वहीं दूसरी ओर हमारा पाचन तंत्र में कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालता है। आज आधुनिक बिजली से संचालित उपकरणों से बनाये भोजन के खाने से पेट में पथरी जैसी समस्या आ रही है। जो लोग समझ रहे हैं वह आज भी इन सामानों की खरीददारी कर रहे हैं लेकिन जो लोग आधुनिकता की ओर आकर्षित हैं उनको पत्थर की सामग्रियों का कोई मोल नहीं है। पूछने पर बताया कि चक्की व अन्य पत्थरों के समान हाथ से छेनी व हथौड़े से बनाकर सिर्फ मजदूरी राशि किसी तरह निकल पाती है। पुश्तैनी काम होने के कारण हम लोग इसे छोड़ नहीं पा रहे हैं।

## सीएसपी संचालक की डिक्की तोड़कर पचास हजार रुपये की चोरी

**संवाददाता**

**रामगढ़(दुमका)।** अज्ञात उचक्कों ने मंगलवार के दोपहर लगभग बारह बजे रामगढ़ बाजार में बाइक की डिक्की तोड़कर पचास हजार रुपये उड़ा लिए। रामगढ़ के गोड्डा रोड में धोबा निवासी चंद्रकांत मंडल भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते है। मंगलवार को वे भारतीय स्टेट बैंक की रामगढ़ शाखा से पचास हजार रुपये लेकर अपने केंद्र जा रहे थे। सभी पचास रुपए के नोटों की बंडल में कुल दस बंडल नोट थे। अपने सीएसपी जाने के क्रम में वे रामगढ़ बाजार में जिला परिषद के मार्केट कांप्लेक्स (ए)के पास अपनी बाइक खड़ी कर कुछ काम से एक दुकान में चले गए। उन्हें दुकान में गए कुछ ही समय हुआ था कि किसी बच्चे ने उन्हें बताया कि कुछ लोग उनकी बाइक की डिक्की तोड़ रहे है। जब तक वह बाइक के पास पहुंचे तब तक दो लोग डिक्की तोड़कर पैसे लेकर भाग चुके थे। हो-हल्ला मचाने पर आसपास उपस्थित लोगों ने डिक्की से पैसे लेकर भाग रहे लोगों को पकड़ने की कोशिश की। किंतु वे दोनों अपनी अपाचे बाइक से भाग निकले। इसके बाद ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने रामगढ़ थाना के पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। किंतु उचक्कों का कोई पता नहीं लग पाया। सीएसपी संचालक के आवेदन के बाद पुलिस बैंक से लेकर बाजार एवं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों के रिकॉर्डिंग की जांच कर उचक्कों की पहचान का प्रयास कर रही है। बताते चलें कि रामगढ़ बाजार में इससे पहले भी उचक्कों द्वारा बाइक की डिक्की तोड़कर रुपए उड़ाने या बैंक से लौट रहे लोगों के रुपए छीन लेने की घटनाएं घट चुकी हैं, किंतु अब तक पुलिस को कभी भी अपराधियों को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है।

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी**

मामले में रामगढ़ थाना के प्रभारी थाना प्रभारी रमेश भगत ने बताया कि सीएसपी संचालक के बाइक की डिक्की तोड़कर अज्ञात अपराधियों द्वारा पचास हजार रुपये उड़ाए जाने की शिकायत मिली है। अपराधियों की पहचान की जा रही है उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एसकेएमयू के पीजी सेम-2 का रिजल्ट जारी

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने मंगलवार को दो परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित कर दिया। जिसमें पीजी सेमेस्टर-2 और एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल पार्ट-2 की परीक्षा शामिल है। पीजी सेमेस्टर-2 में आर्ट्स में कुल 89.24 फीसदी, कॉमर्स में 81.95 फीसदी और विज्ञान संकाय में 84.86 फीसदी विद्यार्थी सफल रहे। वहीं एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल पार्ट-2 की परीक्षा में 92.63 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए हैं। उक्त रिजल्ट बुधवार से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। परीक्षा रिजल्ट जारी करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार शाह ने कहा कि परीक्षा विभाग लगातार तत्परता के साथ छात्र हित में काम कर रहा है। विश्वविद्यालय के परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल ने बताया कि कुलपति प्रो विमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर लंबित परीक्षाओं को जल्द से जल्द संपन्न कराने के लिए परीक्षा विभाग तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि यूजी सेमेस्टर-2 के लिए फॉर्म भरने का काम शुरू हो गया है और यूजी सेमेस्टर-3 की परीक्षा 28 जनवरी से आयोजित की जाएगी, जिसके लिए एडमिट कार्ड भी जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

## नई सड़क निर्माण व पुरानी सड़क को तोड़ने की मांग, ग्रामीणों ने दिया आवेदन




**दुमका।** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हरणाकुंडी के ग्रामीणों ने मंगलवार को पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में आवेदन देकर नई सड़क निर्माण के पूर्व पुरानी सड़क को तोड़ने की मांग। ग्रामीण गुरु गोविंद शर्मा ने बताया कि हरणाकुंडी तालाब से लेकर शिव मंदिर चौक तक पूर्व में ही सड़क काफी उच्ची बनी हुई है। इस पुराने सड़क को अगर तोड़ा नहीं गया और इसके ऊपर नई सड़क बना दी गई तो ग्रामीणों का घर से बाहर -भीतर आने -जाने व पानी निकासी में काफी असुविधा होगी। पूछे जाने पर कनीय अभियंता अनुराग तिवारी ने कहा कि निश्चित रूप से इस मामले को लेकर कार्यपालक अभियंता से बात करेंगे। मिलने गये ग्रामीणों में कुंवेर झा, प्रकाश प्रसाद, मनोज कुमार, बबलू कुमार, केसर सिंह, राजेश मिस्त्री, विकास कुमार पंडित, कुंदन, ओम प्रकाश गुप्ता, शंकर प्रसाद साह, धीरेन्द्र प्रसाद साह, पीटर हांसदा आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले की पत्नी को सीओ ने दी सहायता राशि

**हंसडीहा।** नेशनल हाईवे 133 स्थित हंसडीहा थाना क्षेत्र के धमनाकुंडा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले ककनियां गांव निवासी जयकांत मंडल की पत्नी नीलम देवी को सीओ राहुल शानू ने बीस हजार रुपए की सहायता राशि दी। ज्ञात हो कि गोड्डा जिला में कार्यरत रोजगार सेवक जयकांत मंडल ग्राम ककनियां थाना सरैयाहाट की पिछले दिनों धमनाकुंडा मोड़ के समीप ट्रक से दबकर मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक की पत्नी आवेदन देकर सरकारी सहायता की मांग की थी। सीओ राहुल शानू ने बताया कि तत्काल मृतक की पत्नी को 20 हजार की राशि उपलब्ध कराई गई है। जल्द ही नियमानुसार मृतक के परिजनों को अन्य लाभ दिया जाएगा।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने को लेकर बैठक



**रानीश्वर(दुमका)।** मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर में मंगलवार को प्राचार्य प्रोफेसर नव कुमार पाल की अध्यक्षता में 23 जनवरी को आयोजित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी। अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। नेताजी की जयंती पर 23 जनवरी को कैंसर पीड़ितों की सहायता हेतु चैरिटी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। साथ ही भैटर्न फुटबॉल का आयोजन भी किया जायेगा। इस अवसर पर बी बी गुहा उर्फ बाबू दा की स्मृति में सफल टीम को ट्राफी से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही सभी सम्मानित अतिथियों को बी बी गुहा स्मृति मोमेंटो से सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अलोक कुमार सोरेन, विशिष्ट अतिथि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ विमल प्रसाद सिंह तथा बोलपुर से अधिवक्ता देव कुमार दत्त रहेंगे । साथ ही विधायक अलोक सोरेन के कर कमलों से मयूराक्षी दर्पण स्मारिका का विमोचन किया जायेगा। बैठक में प्रोफेसर माजिद नदीम अहसन, खेल उपाध्यक्ष डॉ रूपम कुमारी, प्रधान लिपिक अलोक कुमार घोष,इंटर कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार घोष,इंटर कॉलेज पी टी आई,काजी गुलाम मुस्तफ़ा, महाविद्यालय पी टी आई चन्दन कुमार घोष तथा साबिर हुसैन आदि उपस्थित रहें।

## टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में रानीगंज-11 टीम ने तृषा देव-11 को आठ विकेट से हराया



**जरमुंडी।** बासुकीनाथ बस स्टैंड स्थित मैदान में आयोजित रिंकू अभिषेक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया।जिसमें एकतरफा चले मुकाबले में रानीगंज-11 टीम ने तृषा देव-11 टीम को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। रानीगंज-11 टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी तृषा देव- 11 की टीम ने बल्लेबाज सूरज पाठक के 19 गेंद में 25 रन, परवेज शेख के 31 गेंद में 41 रन, विजय कुमार के 15 गेंद में 17 रन, रोहित मंडल के 24 गेंद में 14 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। इसमें रानीगंज टीम के ह्रदेश कुमार ने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट, महफूज आलम ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट एवं सुरेंद्र कुमार ने चार ओवर में 25 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रानीगंज टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए महज 16 ओवर एक गेंद में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## नूनबिल माता के चरणों में विधायक बसंत व डॉ लुईस मरांडी ने टेका माथा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध नूनबिल मेला में मंगलवार को झामुमो के दो दो विधायक एक साथ नूनबिल माता के यहां माथा टेकने पहुंचे। जिसमें दुमका झामुमो विधायक बसंत सोरेन व जामा विधानसभा झामुमो विधायिका डा0 लुईस मरांडी शामिल रहे। सर्व प्रथम दलाही स्थित गर्म जल कुंड में जामा विधायिका डा0 लुईस मरांडी ने पैर हाथ धोकर गर्म जलकुंड का छिड़क कर पवित्र भाव से फल नमक बताशा चढ़ाकर कर पूजा की। मेला के व्यवस्थापक महेश शर्मा से मेले के बारे में दोनों विधायकों ने व्यवस्था के बारे जानकारी ली और अगले कार्यक्रम के लिए निकल पड़े। इन दोनों विधायकों के एक साथ पहुंचने के बाद पूरा मेला समिति स्वागत में अस्त व्यस्त दिखे। इस मौके पर जिला सचिव निशित वरण गोलदार, प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव टुडू, असित वरण गोलदार,जयदेव दत्त, प्रसेनजित दास,दिनेश दत्त,राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सुभाष दास,नितेश यादव, जेठू मियां समेत कई झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार ने मनाई वर्षगांठ



**मसलिया।** मसलिया प्रखंड के गुमरो पंचायत के छोटा तेतरियाडंगाल प्रज्ञापीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में मंगलवार को बारहवां वर्षगांठ विधि विधान के साथ मनाई गई। प्रातः नो बजे से ढ़ाई घण्टे गायत्री महामंत्र का सामूहिक जप किया गया तदोपरांत हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन फागु प्रसाद दांगी ने बताया कि विगत बारह सालों से यहां माता गायत्री की नैष्ठिक उपासना होती आ रही है। जिसमें प्रातः पूजा से लेकर संध्या वंदन आरती शामिल है। हर वर्ष वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। कहा कि गायत्री वेदों की जननी है। इसकी पूजा उपासना से साधकों को आध्यात्मिक ज्ञान व आत्मिक मनोबल की प्राप्ति होती है। वहीं गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक दयानंद सिंह ने कहा कि गायत्री माता की अपरंपार महिमा के कारण विगत बारह वर्षो से यहां प्रज्ञापीठ में लगातार सोलह संस्कारों से लोगों को सुसंस्कारित किया जाता रहा है। इस मौके पर मधुसूदन महतो, रामसुंदर राउत, देव नारायण राउत,मदन राउत,निरंजन राउत, सुधीर चंद्र रजक,विनोद बिहारी महतो, लुखिसन मुर्मू, भागीरथ महतो, कैकयी देवी,कलावती देवी, अनिता कुमारी आदि दर्जनों श्रद्धालुओं ने पूजा में भाग लिया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



**गोपीकांदर(दुमका)।** सड़क दुर्घटना में रोकथाम को लेकर दुमका पुलिस की ओर से लगातार सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गोपीकांदर प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में एसआई भारत भुषण सिंह और धरमेल मांझी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें एसआई भारत भूषण सिंह के द्वारा छात्राओं को बताया गया कि अपने परिजन या आसपास के लोगों बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, नशे की हालत में वाहन ना चलाने, तेज गति से वाहन चलाने से परिजन को रोकने के लिए प्रेरित करें। मौके पर छात्राओं को ट्रेफिक सिग्नल नियम सहित यातायात नियमों के बारे में बताया गया। साथ ही आंनलाइन फ्रांड के बारे में बताया। जिसमें मोबाइल पर फर्जी मैसेज, कांल की पहचान करने, बैंक दस्तावेज संबंधित ओटीपी, पासवर्ड शेयर ना करने सहित अन्य विषयों की जानकारी साझा कर जागरूक किया। इस मौके पर आरजेडी नेता सत्य शिक्षानंद मुर्मू, प्रधानाध्यापिका नामिता किस्कू सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## बीडीओ ने छात्रों के साथ मनाया जन्मदिन



**रानीश्वर(दुमका)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को भारत सेवाश्रम संघ दुमका शाखा के पाथरा स्थित स्वामी प्रणवानंद विद्या मंदिर के छात्रों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। बीडीओ श्री सिन्हा ने अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ आश्रम पहुंचकर यहां के प्राथमिक स्तर के तीस छात्रों को स्कूल बैग प्रदान किया। साथ ही छात्रों के बीच मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया। मौके पर आश्रम के स्वामी नित्यब्रता नंद महाराज, शिक्षक जयदेव दे व छात्र मौजूद थे।

## 12 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण ऑपरेशन

**गोपीकांदर(दुमका)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीकांदर में मंगलवार को 12 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण आंपरेशन किया गया। बंध्याकरण आंपरेशन सूर्या क्लिनिक देवघर के डॉक्टर सुधीर ने किया। महिलाओं को प्रेरित करने में फैमिली प्लानिंग के बीटीटी प्रोमिला हेंब्रम, सहिया पुष्पा देवी सहित स्वास्थ्य सहिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसका निरीक्षण खुद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विश्वनाथ मंडी ने किया।

## किसानों को अबतक नहीं मिला धान का समर्थन मूल्य

**रानीश्वर।** प्रखंड के बृन्दाबनी, पाथरा एवं सुखजोड़ा लैम्प्स शाखा के सहायक प्रबंधको ने तीन वर्ष पूर्व किसानों से समर्थन मूल्य पर लिए गए धान का पचास फीसदी भुगतान अबतक नहीं किया है । उक्त लैम्प्स के शाखा प्रबंधकों ने समर्थन मूल्य पर धान ऋय कर प्रथम किस्त की राशि का भुगतान किया था, परन्तु किसानों को 50 फीसद राशि का भुगतान अबतक नहीं किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि तीनों लैम्पस शाखा के सहायक प्रबंधक लापता हैं। उक्त तीनों लैम्प्स शाखा में तीन साल से ताला लटका हैं। किसान विवेकानंद घोष एवं पाटजोड़ गांव के ग्राम सभा के अध्यक्ष बिश्वनाथ घोष के साथ एक दर्जन किसानों ने जिले के उपायुक्त, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम दुमका से मिलकर समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान के बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की है। किसानों ने जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी से मिलकर यहां के किसानों की समस्या से अवगत कराकर लैम्प्स शाखा बंद रहने की सूचना दी है, परन्तु किसानों को कहीं से भी राहत नहीं मिल पा रही है जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इतना ही नहीं पैसे के अभाव में अधिकतर किसान इस बार खेती भी ठीक से नहीं कर पाए।

## सीएचसी में आज स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**जरमुंडी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी में आज बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इस संदर्भ में स्वास्थ्य मेला के आयोजन की जानकारी देते हुए प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। सभी कर्मचारी विभिन्न माध्यमों से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर स्वास्थ्य मेला की जानकारी दे रहे हैं, ताकि प्रखंड क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य मेला का लाभ मिल सके।